संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
RNI Reg.No.: CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक-013/रायगढ़/2020-2022
दैनिक घटती घटना
www.ghatatighatana.com
ghatatighatana11@gmail.com
अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -114 गुरूवार ,23 फरवरी 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये
मूल्य :-2/- पृष्ठ 08

## संक्षिप्त समाचार



### एयर इंडिया की यूएस-दिल्ली फ्लाइट की करवाई इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली ,22 फरवरी 2023 (ए)।** लगभग 300 यात्रियों के साथ एयर इंडिया नेवार्क (यूएस)-दिल्ली उड़ान (106) में तकनीकी खराबी आने के बाद स्वीडन के स्टॉकहोम हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग की गई। बताया जाता है कि एयर इंडिया के बोइंग 777 विमान के एक इंजन में ऑयल लीक होने के कारण ये फैसला किया गया। विमान के इंजन के जांच की जा रही है। एयर इंडिया फिलहाल दूसरे विमान से यात्रियों को दिल्ली भेजने की तैयारी कर रहा है। इस विमान में 300 पैसेंजर सवार थे और सभी यात्री सुरक्षित हैं। एयर इंडिया के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग के वक्त स्टॉकहोम हवाईअड्डे पर बड़ी संख्या में दमकल गाड़ियों को तैनात किया गया था।

### पद्म श्री,पद्म भूषण सम्मानित प्रसिद्ध नृत्यांगना का 85 वर्ष की उम्र में निधन

**मुंबई ,22 फरवरी 2023 (ए)।** प्रसिद्ध मोहिनीअट्टम नृत्यांगना डॉ. कनक वाई रेले का बुधवार सुबह एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।



वह 85 वर्ष की थीं और उनके परिवार में उनके पति यतींद्र रेले, बेटा राहुल और बहू उमा और पोते-पोतियां हैं।
एक सप्ताह से अधिक समय से बीमार रेले को उपनगरीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने सुबह करीब साढ़े सात बजे अंतिम सांस ली। रेले, जिन्होंने सात साल की उम्र से नृत्य करना शुरू किया था, मुंबई विश्वविद्यालय से नृत्य में डॉक्टरेट करने के अलावा, मुंबई और ब्रिटेन में एक वकील थीं।लगभग आठ दशकों के अपने लंबे और शानदार नृत्य करियर में, रेले को पद्म श्री, पद्म भूषण, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, कालिदास सम्मान, एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी पुरस्कार और अन्य सम्मानों से सम्मानित किया गया।

# 22वें विधि आयोग का कार्यकाल डेढ़ साल के लिए बढ़ा

» केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया फैसला

» कानून मंत्री किरण रिजिजू ने इस महीने की शुरुआत में राज्यसभा को सूचित किया था कि अध्यक्ष का कार्यकाल आयोग की अवधि बीतने के साथ समाप्त हो जाता है। उन्होंने कहा था कि 21वें विधि आयोग का कार्यकाल 31 अगस्त 2018 को समाप्त हो गया था




**नई दिल्ली,22 फ रवरी 2023 (ए)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 22वें विधि आयोग का कार्यकाल डेढ़ वर्ष बढ़ाये जाने को बुधवार को मंजूरी दे दी। इस आयोग को अप्रासंगिक कानूनों की पहचान करने एवं उन्हें निरस्त करने की सिफारिश करने का दायित्व दिया गया था। सरकारी बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

### लंबित परियोजनाओं के कारण बढ़ा कार्यकाल

बयान में कहा गया है कि अध्यक्ष और सदस्यों के हाल ही में 22वें विधि आयोग के पदभार ग्रहण करने और कई लंबित परियोजनाओं के कारण इसके कार्यकाल को 31 अगस्त 2024 तक बढ़ाया जाता है। इसका कार्यकाल सोमवार को समाप्त हो गया था। 22वें विधि आयोग का गठन 21 फरवरी, 2020 को तीन साल की अवधि के लिए किया गया था और इसके अध्यक्ष, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ऋतुराज अवस्थी ने नौ नवंबर, 2022 को पदभार ग्रहण किया।

### समान नागरिक संहिता लागू करने की कोशिश

बयान के अनुसार, अप्रासंगिक कानूनों की पहचान करने के साथ आयोग को नीति निर्देशक सिद्धांतों एवं संविधान की प्रस्तावना के निर्धारित उद्देश्यों को लागू करने की दिशा में जरूरी समझे जाने वाले नये विधान को लागू करने पर सुझाव देने का दायित्व भी सौंपा गया है। नीति निर्देशक सिद्धांत के तहत अनुच्छेद 44 के अनुसार, सरकार भारत के पूरे क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी।

### कानून मंत्री ने रखा था प्रस्ताव

कानून मंत्री किरण रिजिजू ने इस महीने की शुरुआत में राज्यसभा को सूचित किया था कि अध्यक्ष का कार्यकाल आयोग की अवधि बीतने के साथ समाप्त हो जाता है। उन्होंने कहा था कि 21वें विधि आयोग का कार्यकाल 31 अगस्त, 2018 को समाप्त हो गया था। विधि आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, समान नागरिक संहिता से संबंधित मामला 22वें विधि आयोग द्वारा विचार के लिए उठाया जा सकता है।

# देश-विदेश में आईटीएम यूनिवर्सिटी का डंका

### प्राप्त किया यूनी रैंक में पहला स्थान

**रायपुर ,22 फ रवरी 2023 (ए)।** दुनियाभर के 200 से अधिक देशों में आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त 13600 से अधिक विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों की समीक्षा रैंकिंग करने वाली संस्था यूनी रैंक ने शैक्षणिक वर्ष 2022 -2023 के लिए भारत के 889 विश्वविद्यालयों की रैंकिंग जारी की है।
इसमें छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिष्ठित व टॉप उच्च शैक्षणिक संस्थानों की सूची में नवा रायपुर स्थित आईटीएम विश्वविद्यालय को प्रथम स्थान मिला है। दूसरी ओर देश के सर्वोत्कृष्ट 150 विश्वविद्यालयों की श्रेणी में 122वां स्थान प्राप्त हुआ है। आईटीएम विश्वविद्यालय की महानिदेशक सुश्री लक्ष्मी मूर्ति ने इस उपलब्धि पर कहा कि देश की आईआईटी, आईआईएम,एम्स, एनआईटी,केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालय को वृहद समीक्षा में शामिल करते हुए यह रैंकिंग निर्धारित की गई है।
इस स्पर्धा में आईटीएम विश्वविद्यालय का राज्य के विश्वविद्यालय की श्रेणी में अव्वल स्थान पर आना यहां की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर की सर्व स्वीकार्यता को वैश्विक स्तर पर प्रमाणित करता है।



गौरतलब है कि यूनिरैंक विश्वविद्यालयों की रैंकिंग के चयन मानदंड में उन्ही उच्च शिक्षण संस्थानों को शामिल करता है जो केंद्रीय और राज्य सरकार के अंतर्गत मंत्रालय ,आयोग, परिषद आदि से संबद्ध होने के साथ कम से कम चार साल की स्नातक डिग्री (स्नातक डिग्री) या स्नातकोत्तर डिग्री (मास्टर या डॉक्टरेट डिग्री) केवल परंपरागत या ऑफलाइन माध्यम से ही संचालित करता हैं।
आईटीएम विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी निदेशक डॉ. यासीन शेख ने कहा कि ट्रिपलआईटी, एम्स, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जैसे अग्रणी संस्थानों की टॉप बीस सूची में आईटीएम विवि का प्रथम स्थान मिलना सबके लिए गौरव की बात है।
नई शिक्षा नीति के परिपालन में आउटकम बेस्ड एजुकेशन, स्टूडेंट प्लेसमेंट रिकॉर्ड के साथ विश्वस्तरीय शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए आईटीएम विश्वविद्यालय ने प्रदेश में नया मुकाम हासिल किया है।
आईटीएम विश्वविद्यालय इसके पहले भी विगत तीन वर्षों में आईटीएम विश्वविद्यालय रायपुर को यूनी रैंक की एकडेमिक रैंकिंग में प्रथम स्थान मिलता रहा है।
केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन सेल (आईआईसी 3.0) के वार्षिक परफॉरमेंस रिपोर्ट (वर्ष 2021) में आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चार (4) स्टार रेटिंग के साथ शीर्षस्थ स्थान प्राप्त किया था।



# मोरबी पुल हादसा

### ओरेवा कंपनी को मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश

**अहमदाबाद,22 फ रवरी 2023 (ए)।** गुजरात हाईकोर्ट ने बुधवार को ओरेवा समूह को प्रत्येक पीड़ित के परिजनों को 10 लाख रुपये और घायलों को 2 लाख रुपये मुआवजे के रूप में देने का आदेश दिया और कंपनी को चार सप्ताह के भीतर 5 करोड़ रुपये जमा करने का आदेश दिया। 30 अक्टूबर की शाम को मोरबी शहर में मच्छू नदी पर झूला पुल गिरने से 35 बच्चों समेत 135 लोगों की मौत हो गई थी। पुल की मरम्मत और रख-रखाव का ठेका ओरेवा समूह को दिया गया, जिसने बिना फिटनेस सर्टिफिकेट लिए और बिना मोरबी नगरपालिका की मंजूरी के पुल को विजिटर्स के लिए खोल दिया।
मुख्य न्यायाधीश सोनिया गोकानी और न्यायमूर्ति संदीप भट्ट की प्रथम खंडपीठ ने प्रत्येक पीड़ित के परिजनों को 10 लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश देते हुए इस तरह की त्रासदियों में मुआवजे के लिए सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी का हवाला दिया- ऐसी त्रासदियों में, एक निजी पार्टी को मुआवजे का 55 प्रतिशत अपनी जेब से देना होगा, और शेष 45 प्रतिशत राज्य निधि द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए।
आगे कहा गया, यह केवल पीड़ितों को राहत देने का एक प्रयास है, क्योंकि उनका जीवन पूरी तरह से बाधित हो गया है। कोई उनकी भरपाई नहीं कर सकता, ये तो बस एक कोशिश है।' प्रत्येक पीड़ित के परिजन को 5 लाख रुपये और घायलों को 1 लाख रुपये देने के ओरेवा समूह के प्रस्ताव को अदालत ने खारिज कर दिया।

# सुप्रीम कोर्ट से ठाकरे गुट को झटका

### चुनाव आयोग के आदेश पर रोक लगाने से इनकार

**नई दिल्ली ,22 फरवरी 2023 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एकनाथ शिंदे गुट को आधिकारिक शिवसेना के रूप में मान्यता देने वाले चुनाव आयोग के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और इसे पार्टी का नाम (शिवसेना) और चुनाव चिह्न (तीर-कमान) दे दिया, लेकिन उद्धव ठाकरे द्वारा इसे चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने पर सहमत हो गया। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और जे.बी. पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा- हम याचिका पर विचार करेंगे, हम नोटिस जारी करेंगे। शीर्ष अदालत ने शिंदे समूह से दो सप्ताह में जवाब मांगा है।मुख्य न्यायाधीश ने शिंदे का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज किशन कौल से पूछा, मिस्टर कौल, अगर हम इसे दो सप्ताह के बाद लेते हैं, तो क्या आप व्हिप जारी करने या उन्हें अयोग्य घोषित करने की प्रक्रिया में हैं? कौल ने जवाब दिया नहीं, मुख्य न्यायाधीश ने कहा- तो हम आपका बयान दर्ज करेंगे। उद्धव ठाकरे का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि हमारे बैंक खातों, संपत्तियों आदि पर उनका कब्जा हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने भी शिवसेना की संपत्तियों और वित्त पर कब्जा करने से रोकने से इनकार कर दिया,



यह कहते हुए कि यह चुनाव आयोग के आदेश पर रोक लगाने जैसा होगा और हम ऐसा नहीं कर सकते।ठाकरे का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने तर्क दिया कि शिंदे समूह, जिसे मूल शिवसेना कहा जा रहा है, अब उन्हें अपने पक्ष में मतदान करने के लिए व्हिप जारी करेगा, जिसमें विफल रहने पर उनके खिलाफ नए सिरे से अयोग्यता की कार्यवाही शुरू की जा सकती है। शिंदे समूह ने कहा कि वह मामले को तूल नहीं देगा।

# चीफ इंजीनियर निकले 100 करोड़ के आसामी

### ग्रामीण विकास के चीफ इंजीनियर की 100 करोड़ की अवैध संपत्ति का पता चला, दूसरे दिन भी ईडी ने मारा छापा

**रांची ,22 फरवरी 2023 (ए)।** आय से अधिक संपत्ति और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के ठिकानों पर बुधवार को दूसरे दिन भी तलाशी जारी रखी है। इस दौरान ईडी ने 100 करोड़ से भी अधिक की संपत्ति का पता लगाया है। अब तक 25 लाख रुपए कैश और डेढ़ करोड़ से भी ज्यादा के गहने बरामद किए गए हैं। वीरेंद्र राम और उनके रिश्तेदार आलोक रंजन को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।
रांची के वसुंधरा एस्टेट स्थित उनके मकान को सीआरपीएफ और पुलिस ने घेर रखा है। इसके अलावा रांची कचहरी चौक के पास अभियंत्रण भवन में स्थित उनके कार्यालय और जमशेदपुर, दिल्ली, सिवान, सिरसा के 24 ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। बीरेंद्र राम के परिवार के कई सदस्यों, उनके दिल्ली स्थित चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल और ठेकेदार अतिकुल्लाह अंसारी के यहां भी छापामारी की गई है।



ईडी सूत्रों के अनुसार, अवैध निवेश के जो दस्तावेज मिले हैं उनमें वीरेंद्र राम ने अपनी आमदनी का एक बड़ा हिस्सा कर्ज के तौर पर दिखाया है, लेकिन जांच के दौरान कर्ज देने वाली संस्थाओं का कोई अस्तित्व नहीं मिला। यह जानकारी भी मिली है कि सीए के जरिए उन्होंने कई शेल कंपनियों में निवेश कर रखा है।
दिल्ली की डिफेंस कॉलोनी में वीरेंद्र राम के परिवार के सदस्यों के नाम पर तीन आलीशान मकान है, जिनका बाजार मूल्य 40 करोड़ रुपए है। पिछले महीने उन्होंने अपने पिता गंगाराम के नाम पर दिल्ली के छतरपुर में चार करोड़ रुपए में एक मकान खरीदा है, जिसे तोड़कर नए सिरे से निर्माण कराया जा रहा है।
बता दें कि वर्ष 2019 में एसीबी की टीम ने वर्ष 2019 में जमशेदपुर में वीरेंद्र राम और जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद के ठिकाने पर छापेमारी की थी और इस दौरान उनके आवास से दो करोड़ 45 लाख रुपये बरामद किए गये थे। इस मामले में ईडी ने 2020 में सुरेश प्रसाद वर्मा और आलोक रंजन पर केस दर्ज किया था। एसीबी ने सुरेश प्रसाद और आलोक रंजन के खिलाफ चार्जशीट दायर किया था। इसी आधार पर ईडी ने मनी लांड्रिंग के तहत मामला दर्ज किया था।

# जासूसी के आरोप में फंसे मनीष सिसोदिया की मुश्किलें बढ़ी




### गृह मंत्रालय ने सीबीआई जांच की दी मंजूरी

**नई दिल्ली ,22 फ रवरी 2023 (ए)।** 2015 में फीड बैक यूनिट का गठन करने और उनके कामकाज पर लग रहे आरोपों के मामले में मनीष सिसोदिया की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रहीं हैं। डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मुकदमे को मंजूरी दे दी है। अब इस मामले की सीबीआई जांच को मंजूरी दी गई हैं। कथित जासूसी मामले में गृह मंत्रालय ने सिसोदिया के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी मिलने से दिल्ली की सियासत गर्म हो गई है। जहां आप सरकार की तरफ से इन आरोपों को बेबुनियाद बताया जा रहा हैं वहीं दूसरी तरफ उनपर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा चलाया जाएगा।
दरअसल, सिसोदिया पर विपक्षी नेताओं की जासूसी कराने का आरोप लगा है। इस टीम के गठन के बाद इसमें 20 अधिकारियों को शामिल किया गया था। जिनपर आरोप है कि उन्होंने बीजेपी और अन्य पार्टियों के नेताओं की कथित तौर पर जासूसी कर कई तरह की जानकारी हासिल की है। आरोप ,में ये भी कहा गया था कि सिर्फ विरोधी नहीं बल्कि आप पार्टी के कई नेताओं की भी जानकारी ली गई थीं। फिलहाल मामले की जांच जारी हैं।



# एसओजी जांच में संजीवनी घोटाले में प्रमाणित हुआ है गजेन्द्र सिंह शेखावत का जुर्म:अशोक गहलोत

**जयपुर ,22 फरवरी 2023 (ए)।** सीएम अशोक गहलोत ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह पर पलटवार करके आरोप लगाया है कि केन्द्रीय मंत्री शेखावत संजीवनी को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड घोटाले के मामले में जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं जबकि स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के अनुसंधान में अन्य गिरफ्तार किए जा चुके अभियुक्तों के समान धाराओं में ही उनके ऊपर जुर्म प्रमाणित हो चुका है. वो स्वयं इस बात को अच्छे से जानते हैं । गहलोत ने कहा कि वो जानते हैं कि 1 लाख से अधिक पीड़ितों की जिंदगीभर की जमापूंजी के करीब 900 करोड़ रुपये से अधिक की राशि को संजीवनी सोसाइटी ने लूटा है. इस मामले में प्रोपर्टी अटैच करने के अधिकार स्ह्नत्त के पास ना होकर प्रवर्तन निदेशालय के पास हैं. एसओजी ने गत 2 वर्षों में ईडी को 5 बार संजीवनी सोसाइटी से जुड़ी प्रोपर्टी अटैच करने का आग्रह किया है परन्तु देशभर में विपक्षी नेताओं के घर छापे मारने वाली श्वष्ठ ने अभी तक कार्रवाई कर संजीवनी घोटाले के आरोपियों की प्रोपर्टी तक अटैच नहीं की है ।
उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री हैं, यदि बेकसूर हैं तो गरीबों का पैसा वापस दिलवाने के लिए आगे क्यों नहीं आते? सेंट्रल रजिस्ट्रार ने इस मामले में एक लिक्विडेटर नियुक्त किया है परन्तु वो तब ही पीड़ितों का पैसा लौटा पाएगा जब संजीवनी सोसाइटी की प्रोपर्टी अटैच होकर वहां से पैसे की रिकवरी होगी. केन्द्र सरकार को इस मामले में सख्त कार्रवाई करनी चाहिए जिसमें राजस्थान सरकार पूरा सहयोग करेगी ।

## संपादकीय

# सीडब्लुसी का चुनाव लड़ेगा कौन!

कांग्रेस के रायपुर अधिवेशन में कार्यसमिति यानी सीडब्लुसी का चुनाव नहीं होगा। हालांकि अभी तक आधिकारिक रूप से ऐसा नहीं कहा गया है कि चुनाव नहीं होगा लेकिन जानकार नेताओं का कहना है कि इसक फैसला हो चुका है कि चुनाव नहीं होगा। सिर्फ घोषणा बाकी है, जो अधिवेशन के पहले दिन यानी 24 फरवरी को हो जाएगी। पार्टी की ओर से आधिकारिक रूप से इतना बताया गया है कि 24 फरवरी को रायपुर में पार्टी की स्टीयरिंग कमेटी की बैठक होगी। ध्यान रहे इस स्टीयरिंग कमेटी में पुरानी सीडब्लुसी के सारे सदस्य हैं और उनके अलावा पार्टी के पदाधिकारी हैं। स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में तय किया जाएगा कि सीडब्लुसी के चुनाव कराए जाएं या नहीं।

सीडब्लुसी के चुनाव कराने की जरूरत इसलिए नहीं है क्योंकि चुनाव लड़ने वाला कोई नहीं है। चुनाव का मजा तो तभी होता है, जब कोई लड़े लेकिन कांग्रेस में अब कोई लड़ने वाला नहीं बचा। जो लड़ सकते थे वे या तो पार्टी से बाहर हो गए हैं या उनको मनमाफिक पद दे दिया गया है। इसलिए पार्टी में जो हैं वे आलाकमान के कृपापात्र ही हैं, जिनको उनकी हैसियत के हिसाब से पद दे दिया जाएगा। याद करें दो साल पहले कैसे कांग्रेस में एक जी-23 बना था, जिसने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को चुनौती दी थी और पार्टी के हर पद पर चुनाव कराने की मांग की थी। लेकिन अब यह जी-23 कहीं नहीं है।

कांग्रेस में 23 नेताओं का जो गुट बना था उसके नेता सीडब्लुसी का चुनाव लड़ सकते थे। लेकिन उनके अघोषित प्रमुख गुलाम नबी आजाद पार्टी छोड़ कर जा चुके हैं। दूसरे सबसे मुखर सदस्य कपिल सिब्बल भी पार्टी छोड़ चुके हैं और समाजवादी पार्टी के समर्थन से राज्यसभा सांसद बने हैं। इस समूह के एकमात्र जन समर्थन वाले नेता भूपेंदर सिंह हुड्डा थे, जिनको हरियाणा की कमान मिल गई है। वहां उनकी पसंद का प्रदेश अध्यक्ष बना कर एक तरह से अगले चुनाव का चेहरा बना दिया गया है। उनके विरोधी या तो राज्य की राजनीति से बाहर हैं या हाशिए पर डाल दिए गए हैं।

एक अन्य मुखर सदस्य शशि थरूर राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव लड़ कर आजमा चुके हैं और इसलिए उन्होंने ऐलान कर दिया है कि अगर सीडब्लुसी का चुनाव होता है तो वे नहीं लड़ेंगे। जी-23 के मुखर और बड़े नेताओं में एक आनंद शर्मा हैं, जो अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत के बाद से शांत पड़े हैं। उनको पता है कि वे अपनी प्रासंगिकता गंवा चुके हैं। इस ग्रुप के एक अन्य सदस्य राज्यसभा सांसद अखिलेश सिंह को बिहार प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया गया है। ले देकर मनीष तिवारी अकेले नेता हैं, जिनकी थोड़ी बहुत हैसियत है सबको पता है कि वे इन दिनों आम आदमी पार्टी के साथ नजदीकी बढ़ाने में लगे हैं। सो, कांग्रेस में कोई बड़ा नेता बचा ही नहीं, जो सीडब्लुसी का चुनाव लड़े।

## अथ बीबीसी विवाद

पहले गुजरात दंगों को लेकर बीबीसी द्वारा बनाई गई 'डाक्यूमेंटरी' को बैन किया गया।

फिर कुछ दिन बाद इनकम टेक्स विभाग ने बीबीसी के दफ्तरों में जाकर 'अकांउट्स' की जांच शुरू कर दी। ऐसा होते ही बीबीसी को लेकर बहसें होने लगीं। विपक्षियों ने इसे 'मीडिया की आजादी' पर हमला कहा। कई का मानना रहा कि दुनिया बीबीसी की खबरनबीसी पर भरोसा करती है। मानते हैं कि खबर बनाने के उसके 'मानक' ऊंचे हैं। उसे बैन करना बदले की कार्रवाई है।

इसके बरक्स बीबीसी के आलोचक कहते रहे कि बीबीसी अब भी 'कॉलोनियल संस्था' है। अपने 'पूर्व उपनिवेशों' को अब भी 'उपनिवेश' की तरह लेती है और उनके अंदरूनी मामलों में दखल देती रहती है..इसी आधार पर एक बार इंदिरा गांधी ने भी बीबीसी पर बैन लगाया था। उसके दफ्तर सील कर दिए थे। उसके स्टाफ को वापस भेज दिया था..। इस बैन का कारण था बीबीसी द्वारा देश के तब के हालात को अपने पूर्वाग्रही नजरिए से बताना। बीबीसी का नजरिया तब की जनतांत्रिक सत्ता को निरंकुशतावादी बताता था। उसकी खबरें देश की शांति व्यवस्था के लिए खतरा नजर आती थीं। इसलिए इंदिरा गांधी ने उसे बैन किया था।

इन दिनों के बैन करने वाले भी यही कहते हैं कि इंदिरा गांधी ने भी तो अपने वक्त में बीबीसी को बैन किया था। हमने किया तो क्या गुनाह किया? आखिर, वह फिर से भारत की छवि को विदूपित करने के चक्कर में है। उसकी 'डाक्यूमेंटरी' झूठ का पुलिंदा है। जब देश के सुप्रीम कोर्ट ने तब के गुजरात के सीएम और अब पीएम को गुजरात के दंगों में किसी भी प्रकार से लिप्त न पाकर, सभी आरोपों से 'बरी' कर दिया तब बीबीसी क्यों गड़े मुरदे उखाड़ रही है? क्या वह सुप्रीम कोर्ट से भी ऊपर है? ऐसे आलोचकों का मानना है कि गुजरात के दंगों को फिर से कुरेदना बीबीसी की 'नव्य औपनिवेशिक' राजनीति का हिस्सा है। आलोचक मानते हैं कि इस झूठी कहानी को गढ़ा है 'जेक स्ट्रॉ' नामक गोरे नेता ने जो खुद इंग्लैंड के इस्लामिक तत्ववादियों से जुड़ा है, जो अक्सर ऐसी झूठी खबरें गढ़कर किसी 'हिट मैन' की तरह काम करता है।

जब भारत की इकॉनमी उठान पर है, भारत को दुनिया में ताकतवर राष्ट्र के रूप में गिना जाने लगा है, दुनिया के देशों और बाजारों में छाई मंदी और मुर्दनी के बावजूद इंडिया की ग्रोथ की कहानी सबसे बेहतरीन दर से बढ़ रही है, और उसकी इकॉनमी ने इंग्लैंड को भी पीछे छोड़ दिया है, ऐसे में यह डाक्यूमेंटरी लाई गई है। बीबीसी के आलोचक यह भी मानते हैं कि पीएम मोदी आज के भारत की तेज 'ग्रोथ' की कहानी के 'महानायक' हैं। भारत के विकास के सबसे बड़े प्रतीक हैं। ऐसे पीएम की छवि पर की जाती चोट, देश पर की जाती चोट है। उनकी छवि गिरती है तो इंडिया की छवि भी गिरती है और बाजार के सेंटीमेंट डाउन होते हैं। इस डाक्यूमेंटरी को इंडिया की 'ग्रोथ' की कहानी को डाउन करने के लिए बनाया गया है, इसलिए इसे बैन करना उचित है। वे यह भी कहते हैं कि सिर्फ सार्वजनिक प्रदर्शन पर ही रोक लगाई गई है, इंदिरा की तरह दफ्तर सील नहीं किए हैं, न कर्मचारियों को भगाया ही है।

**सुधीश पचौरी**

# उमा ने नहीं,लोधी वोटरों ने झुकाया सरकार को

**अपना एमपी गज्जब है..58**

अंततः शिवराज सरकार झुक गई !उसने अपनी आबकारी नीति में बदलाव कर लिया है।इसे उमा भारती की जीत माना जा रहा है।लेकिन यह पूरा सच नही है।सच यह है कि प्रदेश के लोधी मतदाताओं के डर ने सरकार को फैसला बदलने पर मजबूर कर दिया है।चुनावी साल है!इसमें आपको कई ऐसे फैसले देखने को मिलेंगे !

पहले बात सरकार के फैसले की !रविवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने मंत्रिमंडल की खास बैठक बुलाई।आमतौर पर मंत्रिमंडल की बैठक मंगलवार को होती थी।यह पहले से पता था कि इस बैठक में अन्य फैसलों के साथ साथ नई आबकारी नीति भी तय होगी लेकिन फिर भी पूरे दिन अटकलों का दौर चलता रहा।शाम को बैठक हुई और नई नीति सामने आ गई !

यह सब जानते हैं कि 20 साल पहले, अकेले अपने दम पर बीजेपी को सत्ता में लाने वाली उमा भारती आजकल राजनीति के बियाबान में अकेली भटक रहीं हैं।बीजेपी नेतृत्व ने उन्हें हाशिए पर धकेल दिया है।जो उनके अपने माने जाते थे वे साथ छोड़ कर जा चुके हैं।सत्ता के मजे ले रहे हैं।

राजनीति की मुख्यधारा में वापसी के लिए छटपटा रहीं उमा ने हर हथकंडा अपनाया।कई बार नेतृत्व पर सवाल भी उठाए।साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यशगान भी किया।भोपाल से उत्तराखंड तक दौड़ती रही उमा को जब कोई रास्ता नहीं मिला तो उन्होंने प्रदेश में शराबबंदी का मुद्दा उठाया !

पिछले दो साल से ज्यादा समय से उमा प्रदेश में शराबबंदी का मुद्दा उठा रही हैं।उन्होंने कई बार चिट्ठियां लिखीं !ट्वीट किए !मीडिया से बात की।आंदोलन की धमकी दी !छोटे मोटे आंदोलन किए भी।शराब की दुकान पर पत्थर फेंके !शराब की दुकान के आगे गायों को घास खिलाई।साथ ही दुकान में गोबर भी फेंका।कुछ दिन एक दुकान के सामने धरना भी दिया।

बीच बीच में मुख्यमंत्री से वार्तालाप भी किया।लेकिन मुख्यमंत्री नही पसीजे !उन्हें अपनी सरकार की कमाई दिख रही है।यही वजह है कि पिछले साल उमा की।मांगों को दरकिनार करते हुए उन्होंने शराब की दुकानों की संख्या दोगुनी कर दी !हालांकि इसके लिए नए लाइसेंस नही दिए !बस देसी की दुकान पर विदेशी और विदेशी की दुकान पर देसी शराब बेचने की इजाजत दे दी।दुकानें अपने आप दोगुनी हो गईं !

बाद में सरकार ने शराबबंदी की जगह नशाबंदी की बात कही।उमा भी उस पर मान गईं लेकिन यह मामला भी हवा में ही तैरता रहा।

जब किसी भी तरह सरकार बात मानने को तैयार नहीं हुई तो उमा भारती ने वह दांव चला जिसने बीजेपी और संघ दोनों के कानों में घंटियां बजा दीं।

उमा भारती अचानक अपनी बिरादरी में लौट गईं।उन्होंने प्रदेश में लोधी समाज में अपनी सक्रियता बढ़ाई।इसका मौका भी उन्हें बीजेपी की प्रदेश इकाई ने दिया।

उमा भारती के एक करीबी प्रीतम लोधी ने समाज की एक सभा में ब्राह्मणों पर टिप्पणी कर दी।अचानक कुछ ब्राह्मणों का सम्मान जाग गया।इस पर प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा ने प्रीतम लोधी को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया।हालांकि प्रीतम ने बिना शर्त माफी मांग ली थी।इस मामले ने तूल तब पकड़ी जब सनातन धर्म और ब्राह्मणों के स्वयंभू ठेकेदार बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री ने प्रीतम लोधी की ठठरी बांधने का ऐलान किया।शिवराज के मंत्री उनके दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे।

इसके बाद उमा सक्रिय हुईं।वे प्रीतम लोधी के घर पहुंची।उन्होंने बीजेपी के फैसले पर सवाल भी उठाया !लोधी समाज से अपने रिश्ते की बात कही।इसके साथ ही उमा एक बार फिर प्रदेश की लोधी राजनीति में सक्रिय हुईं।

यह तथ्य सर्वविदित है कि प्रदेश की राजनीति में लोधी समाज की अहम भूमिका है।चार लोकसभा क्षेत्र और करीब दो दर्जन विधानसभा क्षेत्रों में लोधी मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं।यह संख्या और भी ज्यादा हो सकती है।

पिछले विधानसभा चुनाव में लोधी प्रत्याशी बड़ी संख्या में विधानसभा के लिए चुने गए थे।लेकिन इनमें कांग्रेस के टिकट पर ज्यादा जीते थे।सब जानते हैं कि 2018 में बीजेपी विधानसभा चुनाव हारी थी।

यह अलग बात है कि खरीद फरोख्त के आरोपों के बीच कांग्रेस के विधायकों को तोड़ बीजेपी ने 15 महीने बाद ही कांग्रेस से सत्ता छीन ली थी !तब कांग्रेस के टिकट पर जीते कई लोधी विधायक बीजेपी में शामिल हो गए थे।कुछ तो उमा का आशीर्वाद लेकर वापस घर लौटे थे।

पिछले कुछ महीने से उमा लोधी समाज को एकजुट करने के काम में लगीं थीं।उनकी तैयारी करणी सेना की तर्ज पर शक्ति प्रदर्शन कराने की थी।इस बीच उन्होंने संघ प्रमुख से भी मुलाकात की थी।ओरछा जाकर रामराजा मंदिर के पास खुली शराब की दुकान का विरोध भी किया था।

माना जा रहा है लोधी समाज की ÷एकता÷ ने शिवराज को अपना फैसला बदलने पर मजबूर किया है।

हालांकि उमा बिहार जैसी शराबबंदी चाहतीं हैं।लेकिन फिलहाल सरकार ने फैसला किया है कि शराब की दुकानों के साथ मिलने वाली वहीं बैठकर पीने की व्यवस्था खत्म कर दी जाएगी।एक अप्रैल 2023 से शॉप बार और दुकानों से लगे अहाते बंद हो जाएंगे।स्कूल और पूजा स्थलों के पास शराब की दुकानें नही खुलेंगीं ।जो हैं उन्हें कम से कम 100 मीटर दूर किया जाएगा। जिन दुकानों का विरोध हो रहा है उन्हें हटाया जाएगा।शराब पीने वालों को हतोत्साहित करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।प्रदेश में शराब बिकती रहेगी।

उमा भारती ने सरकार के फैसले पर खुशी जाहिर की है।प्रदेश की महिलाओं की तरफ से सरकार का अभिनंदन किया है।मजे की बात यह है कि उन्होंने प्रीतम लोधी को गाली देने वाले धीरेंद्र शास्त्री को पुत्रवत बताया है।

फिलहाल देखना यह है कि उमा अब क्या करेंगी?जो उन्हें करीब से जानते हैं वे यह भी जानते हैं कि उमा अपने पुराने जख्मों को जल्दी से नही भूलती हैं।और यह बात सभी जानते हैं कि उमा की लाई सरकार पर काबिज होने के बाद शिवराज सिंह ने ही उन्हें प्रदेश छोड़ने को मजबूर किया था।वे उत्तरप्रदेश के जरिए बीजेपी में तो लौटी हैं लेकिन एमपी की राजनीति में अभी भी हाशिए पर हैं।जब तक शिवराज सीएम हैं तब तक इस बात की उम्मीद भी नही की जा सकती है।

अपने अस्थिर चित्त की वजह से अपना बड़ा नुकसान कर चुकीं उमा अब आगे क्या करेंगी यह तो वक्त ही बताएगा।लेकिन लोधी समाज में उन्होंने जागृति ला दी है।वोट के चक्कर में सबके सामने झुक रही बीजेपी इसे कैसे संभालेगी यह तो वही जाने !पर इतना तय है कि भाई बहन (उमा -शिवराज) का यह प्यार अभी कई कसौटियों पर कसा जायेगा।विधानसभा चुनाव नवंबर में होने हैं।तब तक गंगा और नर्मदा दोनों में बहुत पानी बह जाएगा।उमा इन दोनों को अपना सब कुछ मानती हैं।गंगा की तो नही कह सकते लेकिन नर्मदा कभी भी उमा को उद्वेलित कर सकती हैं। पर कुछ भी हो अपना एमपी गज्जब है।है कि नहीं !भाई बहन के ÷प्यार ÷ की ऐसी मिसाल और कहां देखने को मिलेगी !!!

**अरुण दीक्षित**

# स्वस्थ रहिये मस्त रहिये,समय का सदुपयोग कर जीवन में सफलता सृजित करिए

मानव जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता हैद्य मनुष्य यदि स्वास्थ्य नहीं रहता तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और ना ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता हैद्य इसी तरह समय को भी धन ही कहा जाता है समय का जो सही सदुपयोग करता है वह उन्नति के शिखर पर होता हैद्य मजबूत राष्ट्र सदैव समय की कीमत समझता है और जो समय की कीमत समझता है समय उसकी कीमत समझता हैद्य समय का सही सदुपयोग न करने वाले अस्वस्थ मनुष्य का जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रहता हैद्य इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता हैद्य इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सकेद्य भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता हैद्य इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना हैद्य इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगाद्य फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरुआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव,फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55त्न हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी,अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं,यह दर्शाते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुतः सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है। लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते, व्यायाम करने की जगह आराम करना पसंद करते हैं,जिस कारण भारत में स्वास्थ्य संकट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और इसीलिए फिट इंडिया मूवमेंट के संचालन की आवश्यकता बढ़ गई है, जिससे लोगों को उनकी सेहत के प्रति जागरूक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। पूरा विश्व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है पड़ोसी देश चीन ने स्वस्थ चाइना मिशन 2030 तक चलाने का एक कार्यक्रम बनाया है। ऑस्ट्रेलिया ने भी वर्ष 2030 तक अपने नागरिकों को आलस भगाने तथा शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने का मिशन चलाया है। जर्मनी ने फिट इनडीड ऑफ फैट अभियान चला रखा है। अमेरिका भी एक विशाल देश है जहां 32 करोड़ जनसंख्या है, उसने भी अपने नागरिकों को स्वस्थ तथा फिट रखने का अभियान चलाकर लोगों को फिटनेस ट्रेनिंग मुहैया करा दी है। मूलतः स्वस्थ रहने से अनेक बीमारियां स्वतह दूर चली जाती हैं, एवं बीमारियों में होने वाला खर्च की बचत भी होती है। इसके अलावा स्वस्थ व्यक्ति की कार्य क्षमता अत्यधिक बढ़ जाती है। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन राष्ट्रीय निर्माण में सहायक होता है। नियमित व्यायाम तथा योगा करने से हार्ट, डायबिटीज,ब्लड प्रेशर आदि की बीमारियों से बचा जा सकता है हिंदुस्तान में ह्रदय रोग डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के लाखों मरीज क्क्षैं, और सबसे ज्यादा इलाज में इन्हीं लोगों में धनराशि खर्च की जाती है अतः जनमानस को स्वस्थ रखकर इन बीमारियों से दूर रखने के लिए भारत सरकार ने क्रिट इंडिया मूवमेंट चला रखा है जिससे जनमानस का स्वास्थ अच्छा रहकर विकास तथा प्रगति की राह पर इनके योगदान को बढ़ाया जा सके। शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार व्यक्ति के जीवन में पारिवारिक व्यक्तिगत संबंधों एवं व्यवसाय तथा आर्थिक गतिविधियों एवं हर सामाजिक पहलू पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को भी कम करके आप परिवार तथा समाज में सहायता प्रदान कर सकते हैं, एवं इससे आपको आर्थिक लाभ का भी फायदा होता है। भारत में यदि स्वस्थ्य जनमानस होगा तो सकल घरेलू उत्पाद में 2/तक की वृद्धि हो सकती है उत्पादकता और आय में बढ़ोतरी होगी क्योंकि स्वास्थ्य में सुधार होने से बीमारी में होने वाले खर्च में बहुत कमी होने की संभावना होती है। इस तरह राष्ट्रीय परिपेक्ष में आमजन को स्वस्थ रहना सरकार की सफलता ही होगी। क्योंकि व्यक्ति से समाज बनता है और समाज से राष्ट्र बनता है एक व्यक्ति का मस्तिष्क तथा शरीर यदि स्वस्थ रहें तो संपूर्ण समाज स्वस्थ रहेगा और इस तरह संपूर्ण राष्ट्र स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ रहने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे देश में होगा। इस तरह राष्ट्र की प्रगति तथा विकास द्रुत गति से होने लगेगा, अतः स्वस्थ रहें मस्त रहें और यह समझ ले कि स्वास्थ ही एक बड़ा धन होता है।



**संजीव ठाकुर,**
रायपुर
छत्तीसगढ़,

# गूढ़ सम्बंध :-बातों को गोपनीय रखने में माहिर महिलायें

हमारे समाज में सफलता की कुंजी मानी जाती है महिलायें। यदि कोई कार्य जटिल होता है तो महिलायें अपनी सूझ बूझ से हर बातों का हल निकाल लेती है। जब बात परिवार की सुरक्षा की आती है तो ढाल बनकर खड़ी हो जाती है महिलायें। पर इसके बदले में उन्हें कोई आकांक्षा नहीं होती कि उन्हें कोई गोल्ड मेडल प्रदान कर दे।

महिलाओं के प्यार त्याग का मोल कोई नहीं कर सकते। औरत की प्यार की गहराई जो कभी खामोश इबादत बन ताउम्र महबूब की सलामती की दुआ मांगती है तो कभी मिल ना पाने की कसक बन चुप चुप से पलों में रोने का सबब बन जाती है और उससे भी कहीं ज्यादा बेहद खामोश होती है महिलाओं की चुप्पी। ऐसे कई कठिन पल आते हैं जिसमें वह टूटती नहीं उसकी मौत के साथ ही सब कुछ दफन हो जाता है। उन्हें बचपन से ही सब कुछ सहने की हिदायतें दी जाती है इस कारण भी उन्हें खामोश रहने की आदत हो जाती है और ना जाने कितनी बातें उनके दिल की गहराई में दफन होने के बाद भी बाहर नहीं निकल पाती अकेले ही सपनों की वह दुनियाँ बसा लेती है और खुद से बातें करती रहती है। कई लोगों का कहना है कि औरतों के पेट में बात नहीं पचती लेकिन यह बात भी उतनी सच है कि औरतें हमेशा पुरुषों की तुलना में ज्यादा रहस्यमई बनी रहती है। महिलायें अपने संबंधों को एक रहस्य बनाकर रखने में पारंगत होती हैं लेकिन पुरुष महिलाओं के मौन होने के कारण को आज तक नहीं समझ पाए हैं। अक्सर लोक लाज की बात हो तो महिलायें हमेशा चुप रहने में भलाई समझती है इसके विपरीत लोक लाज के मामले में पुरुष खुले विचार के होते हैं और वह संबंधों को उजागर करने में माहिर होते हैं। औरतों के अंदर शर्म हया होती है कोई कुछ पूछे और मुँह से कुछ अनचाहा निकल जाए तो ज्वार भाटा की तरह सुनामी लहरें भी उनके मन मस्तिष्क पर प्रहार करती है और अंदर ही अंदर वह अपने आप को तहस-नहस करती रहती है इसलिए मौन स्त्री खुद को कष्ट तो दे सकती है पर दूसरों को कष्ट नहीं देती और खुद सब कुछ सह लेती है और वह अपने मन में बहुत ही गोपनीय बातें छुपा जाती है इसमें कोई आश्चर्य वाली बात नहीं है। औरतें बड़े से बड़ा राज छुपा सकती हैं लेकिन ऐसा कई बार होता है जब बातें जज्बाती होती है तो वह अपने मन मस्तिष्क पर किसी प्रकार का कोई बंदिश नहीं रखती फिर अपनी बातों को उस शख्स के सामने कहने का प्रयास करती है जो उन्हें समझें लेकिन यदि वह शख्स उनकी भावनाओं को नहीं समझते तो व्यंग्य बाणों की बौछार कर देते हैं। कई बार पति पत्नी में भी अनबन होने पर बात तलाक तक पहुँच जाती है। कुँवारी महिलायें माता-पिता की इज्जत की दुहाई के नाम पर तो कभी-कभी घर परिवार की खुशीं की खातिर अपने अधूरे प्रेम को जिंदगी के आखरी मोड़ तक यादों की अंधेरी गलियों में छुपा कर रखती है भले ही दिल के किसी कोने में अनकही प्रेम कहानी जिंदा रहती है पर घर परिवार की जिम्मेदारियों या उनकी खुशियों में रत्ती भर भी कमी नहीं आती, प्रेम और



कर्तव्य उसके वचन के साथ-साथ जीते हैं और दोनों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता कभी कम नहीं होती, इसलिए भावुक होने के बावजूद औरतें बहुत जिम्मेंदार तरीके से कई बातें छुपाए रखती है। वह जानती है कि जब उनके अंदर प्रेम को पाने की हिम्मत नहीं है तो वर्तमान में उसका खुलासा करके अतीत का मिलने से क्या फायदा? दूसरा एक सामाजिक दबाव उन पर इस कदर हावी होता है उससे उबर पाना उनके लिए संभव नहीं होता। हमारा समाज आज भी इस बात की सच्चाई को कुबूल कर स्त्री को मान सम्मान व सहज तरीके से जीने नहीं देता। जिंदगी के किसी भी मोड़ पर ऐसे किसी भी रहस्य खुलने पर जिंदगी कभी पहले जैसे समान्य नहीं रह पाती। साथ जीने मरने की कसमें खाने वाला पति कभी भी दूसरे पुरुष की मौजूदगी सह पत्नि के साथ, भले ही वह हजारों स्त्रियों के साथ संबंध रखें पर पत्नी हमेशा उसे अनछुई चाहिए और मॉडर्न बीवी से ज्यादा घरेलू बीबी उन्हें पसंद आती है। दूसरे पुरुष के साथ पत्नी का मेलजोल किसी भी पुरुष को पसंद नहीं होता भले ही महिलायें एक पुरुष में अच्छा दोस्त ढूंढ रही हो लेकिन अक्सर पतियों को यह बात नहीं पचती। पुरुष भले ही अपने प्रेम प्रसंगों की कहानियाँ सुनाता रहे लेकिन पत्नी के अतीत को लेकर उसे जीवन भर प्रताड़ित करता रहता है पत्नी के अतीत के दोस्तों के बारे में सुनकर वह अपनी पत्नी को वर्तमान में भी गलत समझने की चेष्टा करता है। यही कारण होता है कि स्त्रियाँ अपनी जिंदगी के कुछ पन्ने हमेशा के लिए बंद रखती है। बहुत कम लोग होते हैं जो इस सच्चाई को स्वीकारते हैं कि अतीत को वर्तमान में घसीटना उचित नहीं इसलिए यदि वर्तमान रिश्तें की बुनियाद ठोस नहीं हो तो अतीत के रहस्य को रहस्य रहने में भलाई होती है। अक्सर समाज में होने वाली तू तू मैं मैं के पीछे एक दूसरे की बुराई हो या परिवार में किसी भी प्रकार की गलत गतिविधियां जैसे उजागर नहीं किया जा सकता इन सब को छुपाने में औरतें माहिर होती हैं। वह नाते रिश्तेदारों के व्यवहारों के प्रसंग भी गुप्त रखती है पति से रुपया पैसा या अन्य सामान छुपाने के पीछे भी गुप्त रहस्य रखने की मनोवृत्ति काम करती है क्योंकि वह किसी भी प्रकार की बातों को तभी गोपनीय रखती है जब किसी प्रकार से परिवार की हानि होती है। महिलायें दोस्तों के बीच भले ही अपने पति व सास-ससुर के व्यवहार की बुराई सहजता से करें लेकिन अपने मां-बाप या भाई भाभियों से मिले व्यवहार पर वह हमेशा चुप्पी साध लेती है। मायके में भाभियों द्वारा किया गया गलत व्यवहार का दर्द केवल मां बेटी अपने में बाँट लेती है लेकिन पति के सामने कुछ भी कह नहीं पाती और भाई भाभी के संबंधों में कटुता ना आए इसीलिए चुप रहने में ही अपनी भलाई समझती है अपने साथ हुए ऐसे व्यवहार का जिक्र वो किसी से नहीं कर पाती है, इसलिए आँसुओं के जरिए अपना दुख बाहर कर लेती है। ना मायके की बुराई ना ससुराल की बुराई, ना पति के ताने मिले इसीलिए वह अपने होंठ सी लेती है। ऐसा नहीं है कि पुरुष बातों को गुप्त नहीं रखते वह कर्ज, रुपया, पैसा, निवेश संबंधी सभी जानकारियों को गोपनीय रखते हैं लेकिन सदियों से महिलाओं के हिस्से में इतनी दुख और तकलीफ हो संवेदनाएं और प्रताड़नायें है कि चाह कर भी कितनी ही बातें वह अंदर ही अंदर सह लेती है, इसलिए औरतों की जिंदगी का एक कोना ऐसा भी होता है जहाँ उनके मन की टीस को कोई समझ नहीं सकता है और ना ही किसी कवि की कल्पना पहुँच पाती है। औरत हमेशा तन्हा रहती है और तन्हाई इसके हिस्सें में आती है।



**पूजा गुप्ता**
मिर्जापुर
उत्तर प्रदेश

# अमेरिका के पूंजीपति जॉर्ज सोरोस के 'खतरनाक' सपने

अमेरिका के पूंजीपति जॉर्ज सोरोस के बयान को भारत ने गंभीरता से लिया है।

म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में सोरोस के भाषण को पहले केवल एक बकवास और बूढ़े आदमी की भड़ास के रूप में लिया जा रहा था, लेकिन विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पूरे प्रकरण को दुनिया के भू-रणनीतिक हालात के प्रकाश में समझने और समझाने का प्रयास किया है। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में केवल सोरोस ही नहीं, बल्कि अमेरिका और पश्चिमी देशों के सत्ता प्रतिष्ठानों, थिंक टैंक और मीडिया को भी कठघरे में खड़ा किया है। सोरोस ने अपने बयान में भारत में सत्ता परिवर्तन और रूस के विघटन का दिवास्वप्न देखा था। उसने चीन में कम्युनिस्ट शासन के विरुद्ध (प्रति) क्रांति की भी आशा व्यक्त की थी। रूस और चीन की ओर से सोरोस के बयान पर कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन जयशंकर ने सोरोस जैसे लोगों और संस्थाओं बखिया उधेड़ दी। जयशंकर के बयान से अमेरिका सहित पश्चिमी देशों में खलबली मच गई होगी।

जयशंकर ने कहा कि सोरोस न्यूयॉर्क में बैठा एक बूढ़ा अपनी राय के प्रति हठधर्मी धनपशु है, लेकिन यदि वह केवल इतना होता तो उसके बयान को नजरअंदाज किया जा सकता था। जयशंकर के अनुसार सोरोस एक खतरनाक आदमी भी है। सोरोस अपने आप को स्वयंभू न्यायाधीश मानता है जिसे यह तय करने का अधिकार है कि कोई देश या नेता लोकतांत्रिक है या नहीं। इतना ही नहीं जिस देश या नेता को वह लोकतांत्रिक नहीं मानता उसे अस्थिर बनाने के लिए आर्थिक संसाधन भी झोंकता है।

जयशंकर ने वर्ष 2024 के लोक सभा चुनाव के पहले सोरोस जैसे लोगों और संस्थाओं के मंसूबों का पर्दाफाश किया है। उन्होंने कहा कि हम ऐसे दौर में जी रहे हैं, जहां विभिन्न देशों में सत्ता परिवर्तन का कुचक्र रचा जाता है। उनका इशारा अमेरिका और पश्चिमी देशों की शह पर अथवा प्रत्यक्ष हस्तक्षेप से इराक, लीबिया, तत्कालीन यूगोस्लाविया में सत्ता परिवर्तन कराया गया। जयशंकर ने कहा कि भारत को औपनिवेशिक शासन का अनुभव है। इसके आधार पर हमें इस बात का भान है कि किस तरह किसी देश की घरेलू राजनीति पर शिंकजा कसा जाता है। जयशंकर ने अपनी बेबाक और सख्त प्रतिक्रिया से बीबीसी डॉक्यूमेंट्री, फ्रीडम-हाउस और पश्चिमी मीडिया के मोदी विरोधी दुष्प्रचार का प्रभावी प्रतिकार किया। उन्होंने कहा कि सोरोस ने कुछ वर्ष पूर्व म्यूनिख सम्मेलन में कहा था कि भारत में लाखों मुसलमानों को नागरिकता से वंचित किया जा रहा है। ऐसा कुछ नहीं हुआ। लेकिन भय पैदा करने वाले बयान दिए जाते हैं तो इससे सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचता है। कुछ नावाकिफ लोग ऐसे बयानों पर विश्वास भी कर लेते हैं।

किसी देश का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि जब किसी देश या नेता के विरुद्ध आरोप गढ़े जाते हैं तो उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की आधारभूमि तैयार हो जाती है। सोरोस जैसे लोग संसाधन मुहैया कराते हैं। अनेक संस्थाएं खड़ी हो जाती हैं जो सत्ता परिवर्तन कराने के लिए जमीन पर काम करती हैं। हाल के दिनों में अमेरिका और ब्रिटेन सहित पश्चिमी देशों ने मोदी सरकार की प्रत्यक्ष रूप से कोई आलोचना नहीं की है, लेकिन जयशंकर के बयान से साबित होता है कि मोदी सरकार इस संबंध में बहुत सतर्क है। भारत में सत्ता परिवर्तन के किसी प्रयास को सरकार गंभीर चुनौती के रूप में ले रही है।

**डॉ. दिलीप चौबे**

## आसमां का सितारा

आसमां का एक सितारा
जब जमीं पर आया होगा
खुदा ने अपना रंग
कुछ यूं बरसाया होगा,
बनाकर तुमसा एक कीमती कोहिनूर
खुद के सृष्टि पर वह
खूब इतराया होगा।
भेजकर तुमको इस धरती पर
उसने भी शायद आंसू बहाया होगा,
आ गए जब तुम हमारे बीच
तो वह खुद को भी
अकेला पाया होगा।
यहां तो सबके होठों की
मुस्कान बने तुम
हम सबके दिल के मेहमान बने तुम,
थोड़े शरारती और थोड़े
नादान बने तुम
पर हम सबके सिर के
ताज बने तुम।
आ गया फिर वह समां सुहाना
मुबारक हो तुमको जन्मदिन प्यारा,
समुद्र की तरह
जिसका दिल हो गहरा
उसके बारे में आखिर
क्या ही कहना।



**नीलू गुप्ता,**
सिलीगुड़ी,
पश्चिम बंगाल

## बंजर में बोते रहे

काम करें जो लगन से,होती हरदम जीत।
मन सुरभित केसर कमल,
गाते मधुरिम गीत।।
बंजर में बोते रहे,श्रम सीकर हर बार।
हार पहनते जीत के,कभी न मिलती हार।।
कमियों को रोते नहीं, दल नायक रणधीर।।
हार बदलते जीत में,सच्चे साधक वीर।
अंधकार से जो लड़े,मन में ले संकल्प।
बाट जोहती रवि किरन, दूजा नहीं विकल्प।।
सूरज बनता सारथी, कथा बाँचता लोक।
प्रकृति-पृष्ठ शोभित हुआ,श्रम पूजित आलोक।।
कर्मठता की देह पर,सजते सुंदर रंग।
काहिल कोसें भाग्य को,जग नीरस बेरंग।।



**प्रमोद दीक्षित मलय**
बाँदा
उत्तरप्रदेश

## आगे महीना फागुन होरी के

आगे महीना फागुन होरी के
संगी हर खेलय संग गोरी के
घिड़कय नंगाड़ा हर होरी के
संगी मन नाचय संग गोरी के
मांदर ह बाजत हावय,
झांजे ह बाजत हावय
संगी जहूंरिया जम्मो झूम झूम के
नाचत हावय
रंग ल उड़ावै संगी होरी के
संगी हर खेलय संग गोरी के
घिड़कय नंगाड़ा हर होरी के
आगे महीना फागुन होरी के।
मन महुआ ढारत हावय
झूमर के पियत हावय
फागुन के रंग म
जम्मोच संगवारी रंगत जावय
लाली गुलाली रंग होरी के
संगी हर खेलय संग गोरी के
घिड़कय नंगाड़ा हर होरी के
आगे महीना फागुन होरी के
परसा हर फुले लाली,
दगदग ले दमकत हावय
झम झम ले मऊरे आमा,अमराई
गमकत हावय
नशा ह छाए सब ल होरी के
संगी हर खेलय संग गोरी के
घिड़कय नंगाड़ा हर होरी के
आगे महीना फागुन होरी के
कोयल के गुरतुर बोली,मन ल
भरमावत हावय
गोरी के सुरता म संगी ह ददरिया
गावत हावय
रंग ल लगावत हे सब होरी के
संगी हर खेलय संग गोरी के
घिड़कय नंगाड़ा हर होरी के
संगी मन नाचय संग गोरी के



**अशोक पटेल आशु**
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

## तुम बिन जीना सीख लिया

तुम बिन जीना सीख लिया।
तन्हाई में रहना सीख लिया।
जो भी दुःख दर्द मिला सब मैंने,
तुम्हारा प्रेम समझ अपना लिया।
अब कोई ना इस जीवन में है मेरे,
खुद के संग हंसना रोना सीख लिया।
एकान्त रहने से डर लगता था जहां,
अब स्वयं अकेला चलना सीख लिया।
अब नैनो में आंसू मेरे कम आते है,
अब हर क्षण खुश रहना सीख लिया।



**प्रभात गौर**
नेवादा जंघई
प्रयागराज
उत्तरप्रदेश

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने जनदर्शन में आम जनता की सुनी समस्या

» समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु थाना प्रभारियों को दिए निर्देश

- संवाददाता -
सूरजपुर,22 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।





पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने सोमवार को पुलिस जनदर्शन का आयोजन कर आमजनता की समस्याओं को बड़े आत्मीयता के साथ सुना और उसके त्वरित निराकरण के लिए थाना प्रभारियों को निर्देशित किया। जनदर्शन में गलत तरीके से जमीन की रजिस्ट्री कराने, पड़ोसी के द्वारा मारपीट करने, भाई के द्वारा लड़ाई-झगड़ा, जमीन से अतिक्रमण हटवाने, शासकीय भूमि के बिक्री हेतु अनुबंध कराकर राशि लेने, फर्जी तरीके से भूमि को रजिस्ट्री कराने, एक महिला ने अपने पति के विरूद्ध घरेलू हिंसा कर मारपीट करने की शिकायत दिया जिस पर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना-चैकी प्रभारियों का शिकायतों का जल्द से जल्द जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# घर के पालतू कुत्ते के काटने से बालक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

राजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कर्रा निवासी 10 वर्षीय बालक को 20 फरवरी को घर का पालतू कुत्ता काट लिया था। इसके बाद बालक को उल्टी दस्त शुरू हो गई थी। इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार साहिल एक्का पिता प्रभू राम उम्र 10 वर्ष राजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कर्रा का रहने वाला था। वह 20 फरवरी की शाम को स्कूल से घर आया और आंगन में खेल रहा था। खेलते-खेलते बालक का पैर घर के पालतू कुत्ते के पैर पर चढ़ गया। इस दौरान गुस्से में कुत्ते ने बालक के पैर में



काट दिया। बालक रोते हुए घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन तत्काल उसे इलाज कराने अस्पताल नहीं ले गए और उसे घर में ही कपड़े से जख्म को बांध दिया। इसके बाद दूसरे दिन बालक को उल्टी-दस्त शुरू हो गई। परिजन शाम को उसे इलाज के लिए राजपुर अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



# हज कराने ले जाने नाम पर 150 लोगों से ठगी,ट्रैवल एजेंट गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

हज यात्रा कराने के नाम पर सरगुजा संभाग के करीब 150 लोगों से अंबिकापुर के एक ट्रैवल एजेंट द्वारा 1 करोड़ से अधिक की ठगी करने का मामला सामने आया है। अंबिकापुर के मायापुर निवासी एक युवक ने भी मंगलवार को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने बुधवार को आरोपी ट्रैवल एजेंट को शहर से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

अंबिकापुर के मायापुर निवासी फैजान आलम अंसारी ने मंगलवार को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कंस्ट्रक्शन का कार्य करता है। उसने अगस्त 2022 में अजीजी इंटरनेशनल टूर एंड ट्रैवल्स के एजेंट नवागढ़ मदरसा के पीछे निवासी इमरान रजा उर्फ इमरान शेख से हज यात्रा के लिए संपर्क किया था। 15 अगस्त 2022 को वह उसके घर आया और सउदी अरब स्थित उमराह टूर (हज यात्रा) का प्लान बताया। जब उसने ट्रैवल एजेंट से 8 लोगों की हज यात्रा का खर्च पूछा तो उसने 3 लाख 48 हजार रुपए बताया। इस पर उसने 3 लाख 1 हजार रुपए के 3 चेक उसे तत्काल दे दिए। इसके कुछ दिन बाद 47 हजार रुपए का एक और चेक कुल 3 लाख 48 हजार रुपए दे दिए थे। कुछ दिन बाद उसे पता चला कि इमरान रजा उर्फ इमरान शेख ने हज यात्रा के नाम पर कई लोगों से ठगी की है और फरार है। जब उसने उसके घर व कार्यालय पर संपर्क किया तो वह नहीं मिला। ट्रैवल एजेंट ने मायापुर निवासी प्रार्थी फैजान आलम अंसारी के अलावा उसके परिवार के अन्य सदस्यों शबा परवीन, जौरेज आलम अंसारी, अब्दुल नईम अंसारी, नाजमा खातुन, अंसार अहमद, जाहिदा बेगम व शहबाज अहमद को हज यात्रा ले जाने के नाम पर रुपए लिए थे। इधर ट्रैवल एजेंट द्वारा ठगी का मामला सामने आने पर मुस्लिम समुदाय के करीब 150 लोग धीरे-धीरे थाने पहुंचने लगे। ट्रैवल एजेंट द्वारा हज यात्रा के नाम पर मुस्लिम समाज के करीब 150 लोगों से 1 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की गई है। वह मुंबई स्थित अजीजी इंटरनेशनल टूर एंड ट्रैवल्स एजेंसी के लिए कार्य करता था। उमराह टूर जाने के लिए जिन लोगों ने बुकिंग कराई थी उनमें से कई लोग मुंबई पहुंच गए थे लेकिन उन्हें वहां न तो वीजा मिला और न ही उनका नाम हज यात्रियों की लिस्ट में था। इसके बाद उसने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी को शहर से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे बुधवार को उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# केन्द्रीय जेल में खाना वितरण के दौरान कैदी के साथ मारपीट

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

केन्द्रीय जेल में कैदी के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। पीड़ित कैदी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा।

जानकारी के अनुसार ठाकुर प्रसाद नामक कैदी हत्या के मामले में केन्द्रीय जेल अंबिकापुर में बंद है। बुधवार की दोपहर जेल में बंदियों व कैदियों के बीच खाना का वितरण किया जा रहा था। इस दौरान कैदी ठाकुर प्रसाद खाना वितरण को लेकर कुछ बोल दिया। इस बात से नाराज खाना वितरण कर रहे तीन से चार कैदियों ने हाथ-मुक्के से ठाकुर प्रसाद की बेदम पिटाई कर दी। इस दौरान कैदियों की सूरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों व अन्य कैदियों ने बीच बचाव की। कैदियों द्वारा मारपीट किए जाने से ठाकुर प्रसाद घायल हो गया। सूचना पर जेल प्रशासन ने घायल कैदी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया है।



# नाराज प्रेमिका ने प्रेमी के घर में लगाई आग,40 हजार का नुकसान

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,22 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

एक युवती ने प्रेमी के घर में आग लगा दी। आगजनी में घर का काफी सामान व दस्तावेज जल गए हैं। जिससे परिजन काफी परेशान हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है।

जानकारी के अनुसार केदारपुर निवासी मीना देवी के पुत्र आकाश का प्रेम प्रसंग बौरीपारा निवासी एक युवती से है। मीनादेवी के अनुसार युवती द्वारा आए दिन उनके घर में आकर हंगामा व तोडफ़ोड़ किया जाता है। 20 जनवरी की रात को भी वह उनके घर में आ गई परन्तु इस दौरान घर में कोई भी मौजुद नहीं था मीनादेवी पड़ोस में ही गई हुई थी इसलिए घर पर ताला भी नहीं लगाया था। थोड़ी देर बाद आकश ने आकर अपनी मां को बताया कि युवती ने घर में आग लगा दी है जब तक परिजन वहां पहुंचे तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था तथा मीनादेवी के पूरे कमरे में आग फैल चुकी थी। पड़ोसियों के सहयोग से परिजनों ने किसी प्रकार से आग को बुझाया परन्तु तब तक घर में रखा काफी सारा सामान जल कर राख हो चुका था। मीनादेवी के अनुसार इस आगजनी से उसके घर में रखे जमीन, गाड़ी आदि के कागजात व अन्य कई दस्तावेज भी जल गए तथा कपड़ा बिस्तर भी जल गया है। प्रार्थी ने आगजनी से करीब 40 हजार रूपये का नुकसान होने की सूचना कोतवाली में दर्ज कराई है पुलिस द्वारा अभी मामले में अपराध दर्ज नहीं किया गया है।

# सो रहे दंपति के कमरे में लगी आग,पत्नी की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।



सो रहे वृद्ध दंपति के कमरे में आग लग गई। आग काफी भीषण था इस कारण महिला की मौत कमरे में ही हो गई। वहीं पति किसी तरह कमरे से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। आग की लपट देखकर आसपास के लोगों ने बोर के पानी से आग बुझाया। तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। कमरे में बने चुल्हे से आग फैलने की बात सामने आ रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धनेश्वरी इंदवार पति जगमोहन इंदवार उम्र 60 वर्ष कोतवाली क्षेत्र के कांतिप्रकाशपुर की रहने वाली थी। दोनों बेटे-बहू से अलग एक कमरे में रहकर जीवन यापन करते थे। मंगलवार को बेट-बहू घर में नहीं थे। रात को करीब 9 बजे खाना खाकर पति-पत्नी कमरे में साये थे। घर के कुछ दूरी पर मुकेश राजवाड़े की किराने की दुकान है। उस समय दुकान खुली थी। दंपति के कमरे से आग की पलटें ऊपर तक निकलता देख मुकेश ने पड़ोसियों को इसकी जानकारी दी। पड़ोसियों ने घर के समीप बोर से आग बुझाया तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। वहीं महिला का पति जगमोहन ने किसी तरह कमरे से निकल कर अपनी जान बचाई। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की।



# लापरवाही पूर्वक सड़क पर खड़ी गाड़ियों के विरूद्ध यातायात पुलिस ने किया कार्यवाही

- संवाददाता -
सूरजपुर,22 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

हाइवे और शहर के मुख्य मार्ग पर वाहन खड़े करने के मामले में ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने नगर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश यातायात प्रभारी को दिए है। इसी क्रम में यातायात पुलिस ने बैंकों के सामने लापरवाही पूर्वक सड़क पर वाहन खड़ा करने वाले 4 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। पुलिस यह कार्रवाई सड़क दुर्घटनाएं रोकने एवं सुगम यातायात बनाने के लिए कर रही हैं।

नगर के ग्रामीण बैंक, सेन्ट्रल बैंक, एचडीएफसी व एक्सीस बैंक के सामने सड़क पर वाहनों को खड़ा कर देने के कारण यातायात बाधित होने तथा आवागमन में आमजनों को रही दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर वाहन चालकों को सड़क पर वाहन न खड़ा करने समझाईश दिया है तथा लापरवाही पूर्वक सड़क पर वाहन खड़ा करने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया है। यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय के द्वारा इन बैंक के शाखा प्रबंधकों को बैंक के सामने व्यवस्थित रूप से वाहनों को खड़ा कराने की भी हिदायत दी है।

# शराब के नशे में कीटनाशक सेवन कर ग्रामीण ने दी जान



- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

शराब के नशे में एक ग्रामीण ने कीटनाशक का सेवन कर लिया था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार देवसाय पिता राम प्रसाद गोड़ उम्र 45 वर्ष जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सिलफिली का रहने वाला था। वह शरबा पीने का आदि था। 21 फरवरी को वह शराब पीकर घर आया और नशे में कीटनाशक सेवन कर लिया। इसके बाद वह अपने भाई को जानकारी दी। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# कमिश्नर ने किया प्राकृतिक पेंट निर्माण इकाई का औचक निरीक्षण

» समूह की महिलाओं को रोजगार हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,22 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

कमिश्नर डॉ. संजय कुमार अलंग ने बुधवार को शहरी गौठान घुटरापारा में गोबर से प्राकृतिक पेंट निर्माण इकाई का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पेंट निर्माण इकाई, उत्पादन एवं बिक्री की सराहना करते हुए समूह की महिलाओं को इसमें जोड़कर रोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।



कमिश्नर ने प्राकृतिक पेंट इकाई के निरीक्षण के दौरान पेंट निर्माण से संबंधित मशीनरी, पेंट निर्माण की प्रक्रिया तथा पेंट निर्माण में उपयोग होने वाले विभिन्न तरल पदार्थो की जानकारी ली। बताया गया कि अब तक 1 हजार लीटर प्राकृतिक पेंट का उत्पादन कर 220 लीटर पेंट की बिक्री कर लिया गया है। वर्तमान में सफेद रंग का पेंट का उत्पादन किया जा रहा है, जिसे मांग अनुसार विभिन्न रंगों में उत्पादन किया जाएगा। इसके पश्चात् कमिश्नर डॉटा सेंटर के पास स्थित रिजनल सी-मार्ट का भी निरीक्षण कर उपलब्ध उत्पादों एवं बिक्री का जायजा लिया। उन्होंने मार्ट में अधिक से अधिक देशी उत्पादों की उपब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कमिश्नर गोधनपुर में वसुंधरा सीटी के पास नगर निगम द्वारा कराए जा रहे सड़क मरम्मत कार्य का भी निरीक्षण किया और गुणवत्तापूर्ण मरम्मत के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त नगर निगम सुश्री प्रतिष्ठा ममगई, उपायुक्त विकास महावीर राम, कार्यपालन अभियंता संतोष रवि सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# सर्व आदिवासी समाज की बैठक हुई संपन्न विभिन्न विषयों पर की गई चर्चा

- संवाददाता -
लखनपुर,22 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।



लखनपुर विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम पंचायत तिरकेला पोटेखार में सर्व आदिवासी समाज के नेतृत्व मंगलवार को सरपंच संघ के सरपंचगण, पंचगण,जनपद सदस्यगण,आदिवासी समाज मुख्याओं के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे,कार्यक्रम के आयोजक संचालक सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक अध्यक्ष सोमर साय बरवा के नेतृत्व में बैठक संपन्न हुआ, बैठक में आदिवासी समाज के साथ हो रहे अत्याचार पर विचार विमर्श के साथ साथ -पांचवीं अनुसूचित क्षेत्राधिकार, पंचायती राज अधिनियम,पेशा अधिनियम में एवं पांचवीं अनुसूचित को 1996 के प्रारुप के विपरीत लागू कर आदिवासियों के हक एवं अधिकार से जल ,जंगल,जमीन से बेदखल होने की समस्या जैसे कानून लाकर आदिवासी हित को दरकिनार करते हुए-विधानसभा-लोकसभा जैसे लोकतंत्र निर्माण जगहों पर आदिवासी विधायकों-संसदों के द्वारा अधिकारों की बात न रख पाने का कारणों के साथ कई अन्य आदिवासी समाज को शासन का लाभ न मिल पाने के कारण पर विस्तृत बहस पर चर्चा हुआ, जिसमें मुख्य प्रवक्ता-ब्लासियुस तिग्गा राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद छत्तीसगढ़ के द्वारा विस्तार से जनमानस को जानकारी दी गई। जहां सर्व आदिवासी समाज के लोगों के द्वारा अधिकारियों के समक्ष अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्यरूप से सोमर साय बरवा, नेवल कुजूर, मनबहाल मिंज, आइजक कुजूर, दीपचंद कुजूर, बालमसाय, आनंद मझवार, बनस राम, रामलाल विजय टोप्पो, प्रदीप खेस्स, इंद्रदेव उर्रे, रोहन मुंडा, बंठू गोंड़,, चंदन गोंड़, मिठू खलखो एवं भारी संख्या में आदिवासी समाज के लोग इस कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी सहभागिता जताई।

# विशेष पिछड़ी जनजाति के युवा बनेंगे साहायक शिक्षक

99 पदों पर होगी सीधी भर्ती

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,22 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओ को सरकारी नौकरी देने जिला प्रशासन द्वारा पहला शुरू कर दी गई है। कलेक्टर कुन्दन कुमार स्कूल शिक्षा विभाग अन्तर्गत सहायक शिक्षक के 99 पदों पर विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लिए विशेष भर्ती अभियान शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगो के लिए सहायक शिक्षक के 99 पदों पर सीधी भर्ती की कार्यवाही आदिवासी विकास विभाग द्वारा की जाएगी। इसके लिए अगले कुछ दिनों में सूचना प्रकाशन एवं आवेदन मंगाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

ज्ञातव्य है कि राज्य शासन की मंशानुरूप विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के युवाओं को शासकीय सेवाओं में नियुक्ति देने जिला प्रशासन द्वारा पहल की जा रही है। विगत विश्वव आदिवासी दिवस पर जिले के 41 युवाओ को तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर नियुक्ति प्रदान की गई है।








# सरकार की जल जीवन मिशन योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है...

» जल जीवन मिशन के तहत निर्माण में बरती जा रही अनियमितताएं

» काम किसी को मिला कर कोई रहा और लाभ कमाने के चक्कर में योजना का हो रहा बंटाधार

- रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 22 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

केंद्र सरकार ने हर घर नल के साथ जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन योजना लाई पर यह योजना जमीनी स्तर पर और विभाग की लापरवाही से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है निर्माण में ठेकेदार कोई है और काम कोई कर रहा. देखरेख करने वाला विभाग के पास देखरेख की फुर्सत नहीं यही वजह है कि जो भी पेटी में इस काम को ले रहा वह जैसे तैसे घटिया स्तर के पाइप बिछाकर अपना काम पूर्ण दिखाते हुए पैसे निकालने की जुगत में लगा हुआ है पर स्थिति यह है कि यह योजना जिस मकसद से बनाई गई थी यह योजना जमीनी स्तर पर फेल हो जाएगी, इसकी वजह सिर्फ है भ्रष्टाचार। निम्नस्तर के पाइप का इस्तेमाल किया गया है पानी की सप्लाई शुरू भी नहीं हुई है और सारे नल खराब या टूटते नजर आ रहे हैं सिर्फ पानी की टंकी खड़ी होकर सफेद हाथी के समान दिख रही हैं पर कितने दिन तक लोगों के पास पानी पहुंचेगा इसका जवाब संबंधित विभाग के पास भी नहीं है।




आपको बता दे की ग्राम पंचायत जरौंधा में जल जीवन मिशन के तहत हुऐ कार्य को देखकर आसानी से समझा जा सकता है की उक्त कार्य को कितने गुणवत्ता पूर्वक ढंग से किया गया होगा क्योंकि कई स्थानों पर बने प्लेटफार्म के नल के लिऐ बनाए गए सीमेंट के बेस ही टूट कर फेकाएं पड़े है, तो कहीं पाईप टूटे हुऐ है, कही प्लेट फार्म बकरी बांधने के काम आ रहा इतनी दयनीय स्थिति होने के बाद भी लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग के कान में जूं नहीं रेंग रहि और विभाग अपनी वाहवाही में अपनी पीठ खुद थपथपाते नज़र आ रहे है वही गांव के हालात कुछ और बात बया कर रहें है। जल जीवन मिशन के तहत घरों में प्लेट फार्म तो बनाया गया पर उन घरों तक पानी नहीं पहुंचा और न ही विभाग लाखो रूपये खर्च कर बनी टंकी में पानी पहुंच पाया जो अपने आप में एक बड़ा सवाल खड़ा करती है। तो वही ग्रामीण आज भी हैंडपंप के साहारे है ऐसे में ग्रामीणों के घरों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पानी पहुंचाने की बात बेमानी नजर आती है।

### सी.बी.सिंह प्रभारि ईई लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग जिला कोरिया-

जब इस संबंध में इन से पूछा गया तो इन्होने बात की तो वह गुणवत्ता युक्त कार्य कराने एवं जल्द चालू होने की बात करते नजर आए ऐसे में यह सवाल लाजमी है की यदि ऐसा है तो फिर विभाग में जिम्मेदारान पद पर सब इंजीनियर,एसडीओ जो विशेषकर इन्ही कार्यों के लिऐ रखे गए है वह क्या कर रहे है या उनका कार्य क्या है।

# पत्नी की हत्या के जुर्म में शराबी पति गिरफ्तार

- उपेश सिन्हा -
कुसमी,22 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

सामरी पाठ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चरहट खुर्द निवासी विनोद नगेसिया की पत्नी देवमुनी की मौत की गुथ्थी पुलिस ने सुलझा ली है,दरसल मृतका की मौत गिरने की वजह से बताया जा रहा था लेकिन पुलिस जांच और पीएम रिपोर्ट के बाद मौत की वजह के रूप में हत्या होना पाया गया ,आइये जानते है इस घटना के बारे में किस तरह से एक शराबी पति ने अपनी ही पत्नी को ही मौत की नींद में सुला दिया, मामले में मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को दिनांक 20.2 .2023 को सुबह ग्राम बेतपानी के सरपंच ने मोबाइल फोन से यह जानकारी दिया कि ग्राम चरहट खुर्द के विनोद नगेसिया की पत्नी देव मुनि की मृत्यु हो गई है, विनोद से पूछने पर गिरने से चोट लगने पर मृत्यु होना बता रहा है किंतु हम लोग को मृत्यु पर संदेश लग रहा है, पुलिस सूचना मिलने पर चरहट खुर्द पहुंचकर घटना के संबंध में तफ्तीश शुरू करती है और भुनेश्वर नगेसिया पिता सोमा नगेसिया के रिपोर्ट पर मौके पर ही देहाती मर्ग इंटीमेशन चाक कर शव का पंचनामा कार्यवाही कर प्रार्थी एवं गवाहों के कथन व शव निरीक्षण करने पर मृतिका देव मुनि की मृत्यु प्रथम दृष्या हत्या जैसा प्रतीत हुआ फिर तत्काल मृतिका के शव का पोस्टमार्टम कराया गया,पीएम में मृतिका की मृत्यु हत्या होना डॉक्टर के द्वारा लेख करने पर तत्काल आरोपी विनोद नगेसिया के विरुद्ध थाना में अपराध क्रमांक 11 /23 धारा 302 भा द वि पंजीबद्ध कर पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सुशील नायक एवं प्रशांत कतलम तथा एसडीओपी डीके सिंह के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी विनोद नगेसिया पिता कामेश्वर उम्र 30 वर्ष को ग्राम चरहट खुर्द को पकड़कर थाना लाकर कड़ाई से पूछताछ किया गया,तब आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया ,वही इस हत्या की वजह के तौर पर शराब के नशे में आरोपी के द्वारा पत्नी की पीट पीट कर हत्या करना बताया जा रहा है आरोपी अपने ससुराल गांव गया था जहाँ से खा पीकर जंगल के रास्ते अपने घर आ रहा था इसी दरमियान शराबी पति पत्नी से घर जल्दी चलने को कहते हुये जमकर मारपीट की जिससे उसकी मौत हो गई,जिसपर पुलिस ने दिनांक 22/2 /2023 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर आरोपी को भेज दिया, इस कार्यवाही में थाना प्रभारी फरदीन कुजूर प्रधान आरक्षक राजेंद्र ध्रुव विजय टोप्पो जेम्स लकड़ा आरक्षक अनिल तिग्गा भीम तिर्की शामिल रहे।






# पहाड़ी कोरवा बाहुल्य गांव घण्टाडीह में लगा जन समस्या निवारण शिविर





» पानी, बिजली व सड़क की समस्या से जल्द मिलेगी निजात

» अपने बीच प्रशासन को पाकर एवं समस्या समाधान से ग्रामीण हुए खुश

» शिविर में ग्रामीणों ने कराई स्वास्थ्य जांच, मिला राशन कार्ड, मक्का बीज एवं डीवॉर्मिंग किट

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,22 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार लखनपुर तहसील के दूरस्थ पहाडी पर बसे पहाड़ी कोरवा आदिवासी बाहुल्य ग्राम घण्टाडीह में बुधवार को जिला प्रशासन की टीम पहुंची। पहली बार आयेजित जिला स्तरीय जन समस्या सामाधन शिविर में प्रशासन की टीम को देखकर ग्रामीण उत्साहित और अपनी समस्या का समाधान होने से खुशी जाहिर की। गांव तक करीब 4 किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु वन विभाग को प्रस्ताव तैयार करने कहा गया है। पानी की व्यवस्था जल जीवन मिशन के तहत होगी तथा मजरा-टोला विद्युतीकरण योजना अंतर्गत बिजली पहुंचाई जाएगी। इसके लिए सर्वे का काम कुछ दिन में शुरू हो जाएगा। यहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए शिविर में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जाँच भी कराया। शिविर में लोगों को राशन कार्ड, मक्का बीज, मिनरल मिक्चर व डीवॉरमिंग किट वितरित किया गया।

ग्राम पंचायत चांदो के आश्रित ग्राम घण्टाडीह पहाडी कोरवा बस्ती है जहां 40 परिवार निवास करते है और कुल आबादी करीब 126 है। चारो ओर से पहाड़ एवं जंगलों से घिरा त था पहाड़ी पर बसे घण्टाडीह ग्राम में पहुंच मार्ग नहीं होने से ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कत होती है। गांव में एक प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केन्द्र भी संचालित है। प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक एवं एक सहायक शिक्षक पदस्थ है। विद्यार्थियों की दर्ज संख्या 10 है। गांव में 3 हैण्डपंप भी हैं लेकिन पानी पीने लायक नहीं होने के कारण पानी की समस्या भी है। यहां अब तक बिजली नहीं पहुंच पाई है।

शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया और उन्हें शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी भी दी गई। वन अधिकार पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बी-1 आदि के बारे में पूछ-ताछ कर आवश्यक कार्यवाही की गई।

शिविर में अपर कलेक्टर एएल घ्रुव, एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल, सीएमएचओ डॉ. पीएस सिसोदिया, जनपद सीईओ वेद प्रकाश पाण्डेय सहित विभिन्न विभाग के जिला अधिकारी मौजूद थे।



# मदारियों का पूरा का पूरा मजमा लगा हुआ हैःसरोज पांडेय

- रवि सिंह-
चिरमिरी 22 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मोर आवास मोर अधिकार का कार्यक्रम केल्हारी में आयोजित किया गया जिसमें बतौर अतिथि राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय उपस्थित रही, जहां उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बहुत बड़ी बात कही उन्होंने कहा कि प्रशासन इनके साथ नाचता है इनका एसडीएम इनका विधायक साथ नाचने में शामिल रहते हैं, इनके मुख्यमंत्री भांगड़ा करते है इनकी महिला विधायक कबड्डी में चपक जाती है मदारियो का पूरा का पूरा मजमा लगा हुआ, कोई सड़क पर नाचता है कोई भागवत पर नाचता है साथ में कलेक्टर,एसडी,एसडीएम भी नाचते हैं सब नाचने का ही काम करेंगे तो फिर जनता का काम कब करोगे? क्या सरकार यह काम करती है? क्या प्रशासन यह काम करता है सरकार का काम है मोर अधिकार मोर आवास के तहत गरीबों को छत मुहैया करें अभी तो हम एसडीएम कार्यालय का भी घेराव करेंगे, एसडीएम कार्यालय हम इसलिए घेरने जा रहे हैं क्योंकि देश के प्रधानमंत्री गरीबों को छत देने वह मकान बनाने के लिए पैसा भेजा, छत्तीसगढ़ की सरकार को पैसा भेजा और कहा कि गरीबों के सर पर छत हो आधा से ज्यादा पैसा उन्होंने भेजा, छत्तीसगढ़ में पैसा भेजने के बाद 4 साल बीत गए और सरकार ने 4 साल में मकान नहीं बनाया जो गरीबों को मकान मिलने चाहिए थे वह उन्हें नहीं मिले।

# नाव पलटने से पति-पत्नी लापता

- संवाददाता -
सूरजपुर,22 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

प्रेमनगर विकासखण्ड के हरिहरपुर गांव के निवासी पति-पत्नी नाव पलटने से लापता हो गये हैं। जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मचने के साथ सनसनी फैल गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गांव के श्रवण सिंह व उसकी पत्नी श्याम बाई गेज नदी पर चलने वाली नौका से आ रहे थे। उसी दौरान तेज बहाव व नौका के अनियंत्रित हो जाने से वह पलट गई। हालांकि नौका चला रहे नाविक व उसकी पत्नी तो किसी तरह तैरकर किनारे की ओर आ गये, किन्तु श्रवण व उसकी पत्नी लापता हो गई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी व नाविक ने बताया कि वे दोनों सतपता बिश्रामपुर जा रहे थे और बीच मझधार में ही नाव पलट गई। इसकी सूचना पर हरकत में आये पुलिस व प्रशासनिक अमले के द्वारा आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से खोजबीन प्रारंज़ की और जब किसी ज़ी प्रकार की सफलता नहीं मिली तो सरगुजा व सूरजपुर से गोताखोरों के दल के साथ रेस्क्यू टीम को बुलाया गया। जिसमें सूरजपुर के दस प्रशिक्षित गोताखोर नगर सैनिक व अम्बिकापुर की एसडीआरएफ के पांच सदस्यों की टीम घटना स्थल पहुंची। काफी मशक्कत और दूर तक खोजबीन के बाद ज़ी टीम को कोई मदद नहीं मिल पायी थी और अंधेरा होने की वहज से रेस्क्यू कार्य बंद कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सुबह फिर ऑक्सीजन सिलेण्डर लेकर गोताखोरों के माध्यम से एक बार खोजबीन अज़ियान पुनः शुरू किया जायेगा। वहीं यह जानकारी लगी कि जिस जगह नाव पलटी थी, वहां पानी काफी गहरा ज़ी है। बहरहाल हरिहरपुर पंचायत के उक्त आश्रित मोहल्ले में हुई इस घटना को लेकर पूरे गांव में मातम ज़ी छाया हुआ है।



### आने-जाने के लिए नाव ही है एकमात्र साधन

मिली जानकारी के अनुसार हरिहरपुर पंचायत के आश्रित मोहल्ले सोहरगड़ई व ठोरठिहाई जाने के लिए महज नदी ही एकमात्र रास्ता है। जिसमें लोग नाव से आना-जाना करते हैं, जबकि सड़क मार्ग से आने के लिए उन्हें 20 किमी चलकर रामेश्वरनगर आना पड़ता है, तब कहीं जाकर बस इत्यादि के साधन मिल पाता है। नाव से गेज नदी में ग्रामीणों की आवाजाही लंबे समय से है और यह जोखिम जरा ज़ी है।

## सरगुजा कमिश्नर डॉ. अलंग ने एकलव्य, स्वामी आत्मानंद, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय प्रेमनगर का निरीक्षण किया

सूरजपुर,22 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा कमिश्नर डॉ. संजय कुमार अलंग ने जिले के दूरस्थ क्षेत्र स्थित एकलव्य आदर्श कन्या आवासीय विद्यालय, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय प्रेमनगर का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों के बीच जाकर पढ़ाई एवं स्कूल की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा कर हालचाल जाना। स्कूली बच्चों ने कमिश्नर को अपने बीच पाकर बहुत खुश हुए तथा बच्चों ने कमिश्नर को ताली बजाकर स्वागत किया। उन्होंने बच्चों को शिक्षकों द्वारा पढ़ाई जा रहे विषयों की जानकारी ली तथा आठवीं क्लास में अंग्रेजी की पढ़ाई कर रहे बच्चों के बीच पहुंचे अंग्रेजी विषय की जानकारी लेकर अंग्रेजी पढ़ाया। कमिश्नर ने बच्चों को हौसला अफजाई करते हुए निरंतर कड़ी मेहनत कर सफल होने एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सरगुजा कमिश्नर डॉ. अलंग ने किया प्रेमनगर में पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण

सूरजपुर,22 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा कमिश्नर डॉ. संजय कुमार अलंग ने जिले के दूरस्थ क्षेत्र स्थित आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रेम नगर में बनाए गए पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती किए गए बच्चों की जानकारी एवं पौष्टिक आहार प्रदाय किए जा रहे मेनू चार्ट का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों को बेहतर सुविधा एवं लाभान्वित करने सभी निर्धारित पौष्टिक आहार प्रदाय करने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया एवं माताओं से चर्चा कर पौष्टिक आहार का सेवन करने प्रोत्साहित किया।



फीडिंग डिमोस्ट्रीटर श्रीमती पार्वती ने बताया कि प्रेमनगर-

सुदूरवर्ती आदिवासी अंचल के हितग्राही को लाभ दिलाने के लिए 22 दिसंबर 2022 को पोषण पुनर्वास केंद्र का शुभारंभ किया गया है। क्षेत्र में 397 चिन्हित कुपोषित बच्चे हैं। एनआरसी में 10 बच्चों को भर्ती किया गया है एवं उन्हें पौष्टिक आहार प्रदाय किया जा रहा है स्वस्थ होने पर बच्चों को 15 दिन पश्चात रिलीफ किया जाता है।कमिश्नर डॉ. संजय कुमार अलंग ने भर्ती हुए बच्चों की माताओं से चर्चा की एव बच्चों को दुलार कर बच्चों के माताओं को प्रदाय किए जा रहे पौष्टिक आहार का सेवन करने प्रोत्साहित किया।

# राशन दुकान में बांटा जा रहा है खराब चावल

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,22 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

खड़गवां मुख्यालय मे सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत दिन बुधवार दिनांक 22/ 2/ 23 को पी डी एस के चावल का उठाओ के लिए कुछ ग्रामीण खडगवा के उचित मूल्य की दुकान राशन लेने पहुंचे थे, वहां पर उन्होंने देखा की सड़े गलेऔर कुछ गंदे चावल को उचित मूल्य दुकान के अंदर मशीन लागाकर उस सडे गले गंदे चावल दूबारा साफ कराकर दुकान संचालक के द्वारा लोगों को वितरण किया जा रहा है जिसे देख ग्रामीण ने उक्त घटनाक्रम का वीडियो भी बनाया और चावल लेने से इनकार करते हुए वापस अपने घर चला गया।



आमतौर पर यह देखा गया है कि उचित मूल्य के दुकान महीने के पहले हफ्ते तक ही खुलते हैं बाकी दिन बंद रहता है।

इंटरनेट सही नहीं होने की वजह से सभी लोगों का चावल का वितरण नहीं हो पाया है जिसके कारण जो लोग बच गए हैं वह लोग अभी भी उचित मूल्य दुकान से चावल ले रहे हैं।

दुकान संचालक से जानकारी चाही तो उन्होंने कहा कि बचे चावल का मैं कया करू साफ कर वितरण कर रहा हूँ चावल के अधिक से अधिक बोरे फटे आ रहे है जिसे हमें खाली करना पडता है?

# अवसरवादिता राजनीति में पुरानी बात है लेकिन विचारधारा को लेकर समझौता यदि बड़े राजनीतिक दल करने लगें तो फिर क्या?

## विचारधारा को लेकर समझौता बड़े राजनीतिक दल करने लगें तो समझ लेना चाहिए की बड़ी बड़ी बातें करने वाली पार्टियां आंखो में धूल झोंक रहीं हैं

- क्या भाजपा में भी है सूर्यकांत या पैसे के बल पर मिलता है पद?
- संजय अग्रवाल की तस्वीर कांग्रेसी व भाजपा नेता के साथ अब सवाल यह की किस पार्टी से है इनकी विचारधारा?
- पद भाजपा में और स्वागत कांग्रेस विधायक का आखिर क्या चल रहा है संजय के दिमाग में?
- संजय अग्रवाल राजनीति के साथ एक व्यवसाई भी है उनका ऊंट करवट राजनीति के तरफ ले रहा या फिर व्यवसाय की तरफ?
- जमीन मामले के बाद संजय अग्रवाल एक बार फिर उभरते नजर आ रहे हैं, सक्रियता भी दिख रही है





- रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 22 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

राजनीति में पद और प्रतिष्ठा पाने के लिए क्या अर्थ संपन्न होना ही एकमात्र योग्यता किसी में होनी चाहिए क्या आम और सीमित आय वर्ग से आने वालों को राजनीति में बेहतर पद और सम्मान मिलना मुश्किल है यह बात केवल किसी एक राजनीतिक दल के मामले में नहीं कही जा रही है वरन यह बात दो प्रमुख राष्ट्रीय दलों की कार्यप्रणाली देखकर कही जा रही है जहां पार्टी की विचारधारा एक किनारे रखकर कुछ ऐसे लोगों को भी महत्व व सम्मान दिया जा रहा है जो कब किस तरफ हो जायेंगे यह कह पाना भी मुश्किल है। अवसरवादिता राजनीति में पुरानी बात है लेकिन विचारधारा को लेकर समझौता यदि बड़े राजनीतिक दल करने लगें तो यह समझ लेना चाहिए की बड़ी बड़ी बातें विचारधारा को लेकर करने वाली पार्टियां सभी के आंखो में धूल झोंक रहीं हैं और उनकी मंशा किसी का हित नहीं अपना हित संवर्धन एवम संरक्षण है इसके अलावा कुछ नहीं इसलिए वह जब जब अपनी आवश्यकता और जरूरत आन पड़ेगी अपने हिसाब से शीर्ष पर बैठे नेता अपने लिए एक नई लकीर खींचेंगे भले ही वह लकीर पार्टी की विचारधारा से विपरीत ही क्यों न हो।

ताजा मामला बैकुंठपुर के बिल्डर से जुड़ा हुआ है जिन्हे भाजपा के जिलाध्यक्ष ने अपनी जंबो जिला कार्यकारणी में स्थान दिया है और जबकि जिलाध्यक्ष ने कई पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को कार्यकारणी में स्थान नहीं दिया है वहीं बिल्डर को देना उन्होंने सही समझा। बिल्डर भी लगातार भाजपा के कार्यक्रमों में देखे जाने लगे और उन्होंने भी पद को स्वीकार किया और भाजपा की विचारधारा के साथ आगे बढ़ेंगे यह साबित करने में कोई कसर उन्होंने सामने से नहीं छोड़ा। बिल्डर भाजपा के आंदोलनों में सड़क पर भी नजर आए और उन्होंने पार्टी के लिए नारे भी लगाए लेकिन उनकी एक नई तस्वीर सोशल मिडिया पर देखी गई जिसमे वह सत्ताधारी दल के विधायक के स्वागत में नजर आए और अपने खास चेलों के साथ स्वागत करते नजर आए।

### बिल्डर का किसी सत्ताधारी दल के विधायक का स्वागत करना समझ के परे

बिल्डर का किसी सत्ताधारी दल के विधायक का स्वागत करना गलत नहीं कहा जा सकता लेकिन एक राष्ट्रीय दल से जुड़कर जो वर्तमान में विपक्ष में है बिल्डर ने सत्ताधारी दल के विधायक से अपने संबध सार्वजनिक किया यह सही नहीं कहा जा सकता और न ही सार्वजनिक रूप किए गए अपने चेलों के साथ के इस स्वागत को पार्टी की विचारधारा के अनुरूप ही माना जा सकता है। पार्टी का एक सामान्य आम कार्यकर्ता यदि ऐसा करते दिखे शायद पार्टी इसे अनुशासनात्मक कार्यवाही के हिसाब से देखती लेकिन चुकीं एक बड़े बिल्डर भाजपा नेता ने ऐसा किया इसलिए पार्टी को भी फर्क नहीं पड़ा और पार्टी ने भी चुप्पी साधे रखी।

### बिल्डर आने वाले चुनाव में भाजपा को कितने फायदेमंद पंहुचा सकते हैं?

बिल्डर आने वाले चुनाव में भाजपा के लिए कितने फायदेमंद हो सकते हैं यह तो भविष्य का विषय है लेकिन कहने वाले इसे पलटूराम नाम की भी संज्ञा देने से परहेज नहीं किया और माना की व्यवसाय करने वाले बिल्डर को केवल अपने लाभ से मतलब है न की पार्टी ने नफा नुकसान से और वह सभी तरफ अपना लाभ देखकर मेलमिलाप बनाए रखेंगे और उसे सार्वजनिक रूप से सामने लाकर लाभ भी लेते रहेंगे। बैकुंठपुर के बिल्डर को फिलहाल सक्रिय देखा जा रहा है राजनीतिक रूप से जबकि कुछ दिनों पहले तक वह शहर में नजर भी नही आया करते थे लेकिन जैसे जैसे चुनाव नजदीक आता जा रहा है वह सक्रियता बढ़ाते जा रहें हैं और दोनों ही दलों में अपनी पैठ जमाते जा रहें हैं।

### बिल्डर जब कानूनी अड़चनों में थे फंसे हुए किसी दल ने बिल्डर का नहीं दिया था साथ

बिल्डर फिलहाल पदाधिकारी भाजपा जिला कोरिया में बने हुए हैं वहीं वह सत्ताधारी दल के भी नेताओं से अपनी करीबी का इजहार गाहेबगाहे करते रहते हैं वैसे यह बात भी ध्यान देने वाली है की जब बिल्डर पर प्रकरण दर्ज हुआ था पुलिस में और कानूनी अड़चनों में बिल्डर फंसे हुए थे तब दोनो दलों के नेताओं ने बिल्डर से दूरी बनाए हुई थी और उनके साथ कोई खड़ा नहीं था।

### बिल्डर किसके रहेंगे साथ यह भी है बड़ा सवाल

बिल्डर भाजपा में पदाधिकारी जरूर हैं लेकिन उनके रिश्ते सत्ताधारी दल के नेताओं से भी हैं जिसका इजहार उन्होंने किया है,बिल्डर चुनाव के दौरान किसके साथ रहेंगे यह बड़ा सवाल है क्योंकि संबध बनाने में माहिर और अपने संबंधों का सोशल मीडिया पर खुलकर इजहार करने वाले बिल्डर किसका साथ देंगे यह देखने वाली बात होगी।

### बड़े बड़े नेताओं के साथ अपनी तस्वीर सोशल मीडिया पर डालने की आदत के शौकीन हैं बिल्डर

बिल्डर बड़े नेताओं के साथ अपनी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करने की आदत के शौकीन हैं,भाजपा जब सत्ता में थी बिल्डर भाजपा के नेताओ ने साथ अपनी फोटो सोशल मीडिया पर डाला करते थे अब वह कांग्रेस के बड़े नेताओं के साथ अपनी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा कर रहें हैं।

### खुद का प्रभाव और पहुंच दिखाना तो चाहत नहीं बिल्डर की

बिल्डर लगातार बड़े नेताओं के साथ अपनी तस्वीर सोशल मिडिया पर पोस्ट करते रहे हैं और यह माना जाता है की वह ऐसा इसलिए करते हैं जिससे उनका प्रभाव और उनकी पहुंच लोग सहित नौकरशाह जान सकें और उनकी कद्र करें।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ाबाजार में सोनोग्राफी मशीन का हुआ शुभारंभ




- विधायक डॉ.विनय व महापौर कंचन ने फीता काटकर किया शुभारंभ

- संवाददाता -
एमसीबी/चिरमिरी,22 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

चिरमिरी शहर में स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र की जनता की वर्षो पुरानी मांग अल्ट्रासाउंड सोनोग्राफी मशीन का शुभारंभ मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल व चिरमिरी नगर निगम की महापौर ने फीता काटकर किया । बता दे कि इस सुविधा की मांग क्षेत्र की आमजनता के द्वारा लगातार की जा रही थी, जिसके तहत इसका शुभारंभ कर क्षेत्र की जनता को लाभ प्रदाय किया जाएगा।

शुभारंभ अवसर पर मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ.विनय जायसवाल ने कहा कि सामु.स्वास्थ्य केंद्र बड़ाबाज़ार में अल्ट्रासाउंड मशीन की सुविधा होने से गर्भवती महिलाओं सहित अन्य लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा, उन्हें किसी निजी पैथोलॉजी में न जाकर नजदीकी हॉस्पिटल में ही इसकी सुविधा मिलेगी, जिससे उनके आर्थिक स्थिति में भी बोझ नही पड़ेगी। छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से स्वास्थ्य सुविधाओं को आमजनमानस तक पहुँचाने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। जो आज उन्हें समर्पित है। हमारा प्रयास स्वास्थ्य सुविधाओं में हो प्रयास कार्यक्रम में उपस्थिति नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती कंचन जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार करने आमजनता को सीधे लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है। सामु.स्वास्थ्य केंद्र बड़ाबाज़ार में सोनोग्राफी मशीन का उपलब्ध कराना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि अब नियमित जांच के लिए गर्भवती महिलाओं को भी निजी पैथोलॉजी में जाने जी जरूरत नही पड़ेगी। इससे उनके समय और खर्च दोनों में बचत मिलेगी। इस भव्य शुभ आरंभ में नगर निगम की सभापति गायत्री बिरहा, नगर निगम के जनप्रतिनिधिगण, एमसीबी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तिवारी, डॉ.श्रेयस जायसवाल, डॉ.जयंत यादव, डॉ. आर.आर.गजभिए, डॉ.प्रिंस जायसवाल, मनोज जैन, गुरभेज सिंह व अन्य कांग्रेसजन एवं चिकित्सक मौजूद रहे और सभी ने इस बड़ी सौगात की सभी को बधाई एवं शुभ कामनाये दी।

### युवा कांग्रेसी नेता आशीष डबरे को एआईसीसी राष्ट्रीय अधिवेशन में मिली महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,22 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अधिवेशन के सफल संचालन हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 13 समितियां गठित की गई है, जिसमे ट्रांसपोर्ट समिति का गठन वन मंत्री मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में किया गया है। जो अधिवेशन में 3000 गाड़ियों एवं 200 ई रिक्शा की व्यवस्था देखेंगे जो अधिवेशन का महत्वपूर्ण हिस्सा है इसका कार्यभार संभालेंगे। जिसमें कोरिया जिले के युवा नेता एवं जिला प्रवक्ता आशीष डबरे जिनको भी महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी हेतु समिति में शामिल किया गया है। जिसके बाद युवा नेता आशीष डबरे का कद काफी बढ़ा माना जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से आशीष डबरे को शुभकामनाएं दी गई हैं।



# एनडीपीएस एक्ट एवं आर्म्स एक्ट के तहत 5 आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

एनडीपीएस एक्ट एवं आर्म्स एक्ट के तहत 5 आरोपी गिरफ्तार को बैकुण्ठपुर पुलिस ने 40 नग एवील और 40 नग ब्यूरो नरफिन नशीली इंजेक्शन व देसी पिस्टल के साथ किया गरफ्तार।




मिलिजानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक कोरिया त्रिलोक बंसल के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और उप पुलिस अधीक्षक कविता ठाकुर के मार्गदर्शन में अवैध नशीली पदार्थो के खिलाफ लगातार सुचना संकलन कर कार्यवाही की जा रही है इसी तार तम्य में दिनांक 20/02/2023 को सहायक उपनिरीक्षक बीके रजवाड़े हमराह स्टाफ के साथ टाउन देहात की ओर रवाना हुए थे जो दौरान पेट्रोलिंग सूचना मिली कि तीन व्यक्ति एक मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स बिना नंबर के उसमें अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बिक्री हेतू सुरमी कि रास्ते से चिरमिरी की ओर बिक्री हेतु जा रहे की सूचना पर सुचना तस्दीक हेतु रास्ते में घेराबंदी की गई तीन व्यक्ति मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स बिना नंबर में आते दिखे जो पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने का प्रयास किए जो घेराबंदी कर पकड़े ओर पूछताछ करने पर मोटरसाइकिल चालक अपना नाम जागेश्वर कुर्रे उर्फ छोटा पिता लल्ला राम उम्र 26 वर्ष निवासी करजी थाना पटना जिला कोरिया तथा मोटरसाइकिल के मध्य में बैठा व्यक्ति अपना नाम राकेश सोनवानी उर्फ विक्की पिता परसराम सुनवानी उम्र 22 वर्ष निवासी सांवरावा थाना पटना जिला कोरिया छत्तीसगढ़ वह पीछे बैठा व्यक्ति अपना नाम कृष्ण कुमार पांडे पिता उमाशंकर पांडे उम्र 22 वर्ष निवासी जलियाडांड थाना बैकुंठपुर जिला कोरिया छत्तीसगढ़ का होना बताया उनके कब्जे से तलाशी लेने पर एक झोला में ब्यूरोनारफिन लीजेसिक इंजेक्शन 40 नग एवं एविल इंजेक्शन शीशी 40 नग कुल 80 नग नशीले इंजेक्शन और एक देसी पिस्टल मिली जिस पर कार्रवाई करते हुए औषधि निरीक्षक को तत्काल मौके पर तलब किया गया जिनके द्वारा उक्त आरोपियों से जप्त ब्लूरेनारफिन लीजेसिक इंजेक्शन एवं एविल इंजेक्शन प्रतिबंधित दवाओं की श्रेणी में होना पाए जाने से आरोपियों से उक्त नशीली इंजेक्शन व देसी पिस्टल व घटना में प्रयुक्त एच एफ डीलक्स मोटर साइकिल कीमती लगभग 45000रु जप्त कर आरोपीगण से जप्त देसी पिस्टल के संबंध में पूछताछ करने पर बताए देसी पिस्टल को महेंद्र सिंह पूर्व बरेली पिता मोहन सिंह उम्र 25 वर्ष साकिन जलियाडाड थाना बैकुंठपुर जिला कोरिया और उसका साथी केश्वर रजवाड़े उर्फ झारखंडी पिता रंजन रजवाड़े उम्र 60 वर्ष साकिन सारा के द्वारा आरोपी कृष्ण कुमार पांडे को बिक्री के थे जो सभी आरोपी गणों को एन डीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इस कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक बीके रजवाड़े महिला प्रधान आरक्षक सुनीता एक्का आरक्षक इलियास कुजूर कन्हैया लाल रजवाड़े दिनेश उइके साइबर सेल स्टॉफ प्रधान आरक्षक अरबिंद कौल का विशेष योगदान रहा।

# रायपुर में नाबालिग के साथ हुई बर्बरता के विरोध में भाजपाइयों ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

- मनेन्द्रगढ़. गुढ़ियारी में रहने वाली नाबालिग के साथ हुई बर्बरता के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की गई

- रवि सिंह -
एमसीबी 22 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

रायपुर में नाबालिग के साथ हुई बर्बरता के विरोध में भाजपाइयों ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला मनेन्द्रगढ़. गुढ़ियारी में रहने वाली 16 वर्षीया नाबालिग के साथ की गई बर्बरता के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा गांधी चौक में मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की गई. इस अवसर पर महिला मोर्चा के साथ-साथ अन्य कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे. निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार की शाम 4:00 बजे भाजपा कार्यकर्ता काफी संख्या में गांधी चौक में जमा हो गए. इस दौरान भाजपा नेता रामचरित द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम कि कोई चीज नहीं रह गई है. राजधानी में बीते शनिवार की रात नाबालिग दुकान के पास ही थी। इस दौरान दुकान मालिक ओमप्रकाश पहुंचा और चापड़ से नाबालिग पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। नाबालिग उससे बचने इधर-उधर भागने लगी। आरोपी ने भी उस पर दौड़ा-दौड़ाकर हमला किया। इससे नाबालिग के पैर, हाथ, गर्दन, चेहरे में गंभीर चोटें आई हैं। हमले से नाबालिग बेसुध हो गई। उसके शरीर से काफी खून बह गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घायल नाबालिग को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। आरोपी अपने पास मिट्टी तेल का जरीकेन भी रखा था। आशंका है कि आरोपी नाबालिग को जलाने की तैयारी में भी था। इस तरह की घटना राजधानी रायपुर में हो रही है. जाहिर है कि प्रदेश में महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं है. इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष लखन लाल श्रीवास्तव,वीरेंद्र राणा, जे के सिंह, आशीष सिंह, प्रमोद बंसल, सुरेश श्रीवास्तव, सुरेंद्र सिंधवानी,विवेक अग्रवाल, सरजू यादव, गुरुचरण सिंह, रितेश ताम्रकार, संजय पांडे, हीरालाल रजक, जयंती लाल यादव, मनीष सिंह, आलोक जयसवाल, अंकुर जैन,राहुल सिंह, संजय नामदेव, रामधुन जयसवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रतिमा पटवा,गीता पासी, कोमल पटेल,पूजा पटेल, विमला यादव, अनारकली विश्वकर्मा, श्रुति सिंह, कमल सोनी, सरला तिवारी, रूबी पासी,इंदू सिंह, शकुंतला, मुनमुन जैन, रानी, अर्चना विश्वकर्मा, महेश्वरी, प्रवीण सिंह, अलका गांधी, रीना बर्मन, कलाबाई ,अंजू उर्मलिया , मौसमी राय, साधना केवट, मीरा कचेर, मीनू पटेल, अर्चना विश्वकर्मा समेत भाजपा कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे।



## चिरमिरी से पलायन रोकने राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय को चंद्र गुप्ता ने सौंपा ज्ञापन

- संवाददाता -
चिरमिरी 22 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

एक दिवसीय दौरे पर एमसीबी जिले पहुंची राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय का चिरमिरी में भव्य स्वागत किया गया जहां पर स्वागत के दौरान भारतीय जनता पार्टी व्यवसाय प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य चंदन गुप्ता ने ज्ञापन सौंपकर चिरमिरी से पलायन रोकने वह बड़े उद्योग स्थापित करने की मांग रखी।



चंदन गुप्ता ने अपने मांग पत्र में लिखा की बंद होती कोयला खदानों व कालरी कर्मचारियों के रिटायरमेंट एवं रोजगार का कोई दूसरा साधन उपलब्ध नहीं होने के कारण यहां के लोग लगातार दूसरे शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं जिस कारण चिरमिरी शहर का अस्तित्व खतरे में आ गया है चिरमिरी शहर के अस्तित्व को बचाने के लिए तत्काल कोई बड़ा उद्योग स्थापित करने की आवश्यकता है, जिससे कि क्षेत्र के लोग का पलायन रोका जा सके और पने रोजगार को यहीं पर अर्जित करें साथ ही उन्होंने आग्रह किया कि केंद्र सरकार तक हमारी बातें पहुंचाई जाए और उनसे सहयोग के तहत मेडिकल कॉलेज, कैंसर रिसर्च सेंटर अथवा पावर प्लांट की स्थापना चिरमिरी में कर रोजगार उपलब्ध कराने की बात रखी जाए ताकि इस क्षेत्र को रोजगार मिल सके और पलायन रोका जा सके।

# युवक को मृत दर्शाकर मुआवजा राशि को हड़प लिया गया

**» जीवित होने का प्रमाण देने कलेक्ट्रेट पहुंचा पीड़ित**

– राजा मुखर्जी –
कोरबा,22 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

राजस्व विभाग के कामकाज में पारदर्शिता लाने की तमाम कोशिशों के बावजूद कुछ कर्मियों के द्वारा तमाम कोशिशों को ध्वस्त किया जा रहा है। इनके कारण शासन-प्रशासन की छवि खराब हो रही है,साथ ही पीड़ित और उसका परिवार शारीरिक-आर्थिक और मानसिक तकलीफ से गुजरने मजबूर हो रहा है। राजस्व रिकार्ड में हेराफेरी कर एक ग्रामीण का पिता बदल दिया गया और फिर उसी कथित फर्जी पिता बनाए गए युवक को मृत दर्शाकर रेल कॉरिडोर के मुआवजा राशि में गड़बड़झाला कर 4 लाख हड़प लिए गए। मामला पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम बरतराई का है। यहां के निवासी विक्रमदास पिता लच्छन दास 35 वर्ष की पुश्तैनी जमीन कोरबा-पेण्ड्रा रोड रेल कॉरिडोर में आई है। खसरा नंबर 390/2 रकबा 0.162 हेक्टेयर भूमि रेल कॉरिडोर में आने के बाद जब उसने मुआवजा के लिए लिखा-पढ़ी किया तो धोखाधड़ी का पता चला। उसने थाना जाकर गुहार लगाई तो तहसीलदार के पास आवेदन देने और आदेश आने पर कार्यवाही संबंधी सुझाव दिया गया। 14 नवंबर 2022 को तहसीलदार के पास जाने से विक्रमदास को आश्वासन मिला कि उसके जमीन का मुआवजा हिस्सा दिलाया जाएगा लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित के मुताबिक रिश्ते में उसके चाचा व फूफा लगने वाले नारायणदास एवं वचन दास द्वारा पटवारी से मिली भगत कर उसकी जमीन का 4 लाख रुपया धोखाधड़ी कर हड़प लिया गया। थाना व



तहसील में कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित विक्रम दास ने अपने मुआवजा की राशि दिलवाने तथा धोखाधड़ी करने और पैसा हथियाने के लिए उसे जुगुल दास का पिता बनाने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही का आग्रह किया है। यह भी आरोप है कि उपरोक्त लोगों के द्वारा उसके पूर्वज जुगुल दास के भी जमीन का मुआवजा धोखाधड़ी कर हड़प लिया गया है।

पीड़ित विक्रमदास ने बताया कि उसके खसरा नंबर 390/2 रकबा 0.162 हेक्टेयर भूमि का नामांकन पंजी में उसे फौत होना लिखा गया है। उसके पिता का नाम लच्छन दास है जबकि इस खसरा नंबर की जमीन के रिकार्ड में किसी जुगुल दास का पिता के रूप में उसे दर्शा कर फौत होना बता दिया गया है जबकि जुगुल दास के पिता का नाम महंगू दास महंत है। आवेदन के साथ प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों पर गौर करें तो 10 मई 2017 को तहसीलदार पोड़ी-उपरोड़ा के हस्ताक्षर से एसडीएम के निर्देश पर वंशवृक्ष तैयार किया गया था। तत्कालीन पटवारी हल्का नंबर 33 नीरा कुमारी द्वारा हस्ताक्षरित इस पंचनामा में लगन साय के पुत्र महंगू दास, जंगू दास व नान्ही दास हैं। महंगू दास के पुत्र जुगुल दास और जुगुल के वंश में पुत्री शांति बाई, फूल बाई दर्शित है। बी-1 किश्तबंदी खतौनी में भी इस खसरा रकबा में जुगुल दास, महंगू दास दर्ज है लेकिन नामांतरण पंजी में यही खसरा नंबर 390/2 रकबा 0.162 हेक्टेयर भूमि जमीन विरासतन हक से जुगुल दास पिता विक्रम दास फौत वारिसान पुत्री शांति बाई, फूल बाई पूर्ववत काबिज अभिलेख दुरूस्ती हेतु प्रस्तावित बताया गया एवं मंगलू दास, जंगलू दास बिना वारिस फौत होना दर्शाया है।




## मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एस.एन.केसरी ने एड्स जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

कोरबा,22 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में कला दल के माध्यम से एड्स के संबंध में जानकरी एवं बचाव हेतु कला जत्था जन जागरूकता रथ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन. केसरी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ एवं कला जत्था दल 21 फरवरी से 12 मार्च 2023 तक जिले के शहरी क्षेत्रों तथा समस्त विकासखण्डों में भ्रमण कर एड्स बीमारी के संबंध में लोगों को जागरूक करेंगे। इस दौरान कला जत्था दल गायन, नृत्य, तथा नाटक के माध्यम से लोगों को एड्स बीमारी के लक्षण तथा उसके बचाव के संबंध में जागरूक करेगें। रथ रवानगी कार्यक्रम के दौरान डॉ.जी.एस. जात्रा, नोडल अधिकारी एड्स, डॉ. के.के. देवांगन, जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ. अशरफ अंसारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, तथा कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के समस्त कर्मचारी तथा एड्स कार्यक्रम से संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।

## जाति प्रमाण-पत्र बनाने के कार्य में लापरवाही बरतने पर एबीईओ को कारण बताओ नोटिस

– संवाददाता –
कोरबा,22 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर ने ग्रीष्म काल में पेयजल की समस्या वाले क्षेत्रों की जानकारी ली। गत वर्ष 45 गांवो में पानी की समस्या चिन्हांकित की गई थी। इन क्षेत्रों में जलापूर्ति का विशेष ध्यान देने कहा गया। खदान क्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु के दौरान होने वाली पेयजल की समस्या के निराकरण के लिए संबंधित एसडीएम को एसईसीएल से समन्वय कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वन्य जीव प्राणियों के लिए भी पानी की समस्या न हो इसके लिए वन विभाग को योजना बनाकर कार्य करने को कहा। जल आवर्धन योजना की समीक्षा की गई। बताया गया कि छुरी में निर्मित जल आवर्धन योजना से 15 मार्च के बाद पानी मिलेगा।कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिया कि 31 मार्च को सभी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) का उद्घाटन किया जाना है, इसके लिए पर्याप्त तैयारियां पूर्ण



कर ली जाए। उन्होंने कक्षा छठवीं से बारहवीं तक छात्रों के बनाये जा रहे जाति प्रमाण पत्र कार्य की समीक्षा करते हुए जिले में बनाये गये 05 हजार जाति प्रमाण पत्र छात्रों को विद्यालयों में वितरित करने के निर्देश दिए। सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पोड़ी-उपरोड़ा द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में लापरवाही बरतने एवं समय सीमा की बैठक में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिले में कक्षा पहली से पांचवी तक के छात्रों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वन अधिकार पत्र जारी करने का कार्य गंभीरता से करते हुए पात्र लोगों को वन अधिकार पत्र जारी किए जाएं। उन्होंने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए एसडीएम एवं सभी तहसीलदार को निर्देश दिए कि सीमांकन के लंबित प्रकरणों का शीघ्र ही निराकरण कर लिया जाए। उन्होंने सभी तहसीलों के रिकॉर्ड रूम की नकल शाखा की समीक्षा करते हुए लंबित नकल प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने को कहा। कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देश दिए कि स्वीकृत गौठानों एवं चारागाहों को पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक गौठान में गोबर खरीदी की तुलना में 40 प्रतिशत खाद रूपांतरण अनिवार्य होना चाहिए। उन्होंने गौठानों में स्वीकृत वर्मी टांको के निर्माण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभागों में प्रधानमंत्री पोर्टल, मुख्यमंत्री जनचैपाल, कलेक्टर जनदर्शन, समय सीमा की बैठक से संबंधित लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर कटघोरा विजेंद्र पाटले, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर श्री झा ने आग से जली बच्ची का बेहतर उपचार कराने दिया निर्देश

**» 167 लोगों ने जन चौपाल में दिए आवेदन**

कोरबा,22 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर संजीव झा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में लोगों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। जन चौपाल में 167 लोगों ने अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। जनचौपाल में ग्राम बरपाली निवासी मुकेश कुमार मिरी ने अपनी बच्ची के इलाज के लिए प्रशासन से आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु आवेदन कलेक्टर संजीव झा के समक्ष प्रस्तुत किया। मुकेश कुमार मिरी ने बताया कि उनकी 05 वर्षीय पुत्री खेलते समय घर में चूल्हे की आग से गंभीर रूप से जल गई थी। कोरबा में इलाज कराने के बाद उसे बिलासपुर के अस्पताल में रेफर किया गया है। लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण उसने अपने पुश्तैनी खेत को गिरवी रख कर अस्पताल में इलाज कराया है।



अब आगे इलाज के लिए मदद की जरूरत है। कलेक्टर श्री झा ने मुकेश कुमार मिरी के आवेदन पर संवेदनशीलता दिखाते हुए सीएमएचओ को निर्देशित किया है कि बच्चे के इलाज के लिए हर संभव मदद किया जाए। इसी तरह पाली तहसील अंतर्गत ग्राम ईरफ निवासी 70 वर्षीय बिदुर दास ने जन चौपाल में कलेक्टर श्री झा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर अपनी जमीन के सीमांकन के लिए आवेदन किया। जिसमें उसने बताया कि उसकी जमीन को लेकर विवाद की स्थिति है इसे देखते हुए सीमांकन कराने की आवश्यकता है। बिदुर दास के इस आवेदन पर कलेक्टर संजीव झा ने पाली के तहसीलदार को उक्त भूमि के सीमांकन के लिए निर्देशित किए। जनचौपाल में अपर कलेक्टर द्वय विजेंद्र पाटले, श्री प्रदीप साहू, जिला पंचायत के सीईओ नूतन कंवर, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पांडेय सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## उरगा पुलिस के द्वारा लोहा चोर गिरोह पर की गई कार्यवाही

– संवाददाता –
कोरबा,22 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक कोरबा यू उदय किरण (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक महोदय कोरबा अभिषेक वर्मा (रा.पु.से.), नगर पुलिस अधीक्षक महोदय कोरबा विश्वदीप त्रिपाठी (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन पर थाना क्षेत्रांतर्गत चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु निर्देश प्राप्त होने पर निरीक्षक सनत सोनवानी थाना प्रभारी उरगा के नेतृत्व में लगातार पेट्रोलिंग कर कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में उरगा पुलिस के द्वारा प्रार्थी विजय कुमार बैरागी सुरक्षा गार्ड लैंको रिवर इंटक कुदुरमाल से सूचना प्राप्त हुआ कि कुछ चोर गैस कटर से लौको प्लांट का लोहे का खंभा को काटकर बोलेरो पिकप क्रमांक सीजी 12 ब्ब 0831, स्कॉर्पियो वाहन सीजी 12 BG 9736 में चोरी कर ले जा रहे थे उसकी सूचना पर तत्काल पुलिस एवं लैंको सुरक्षा गार्ड के द्वारा कुदुरमाल में उक्त दोनों वाहन को पकड़ । वाहन में 05 व्यक्ति बैठे मिले जिसे पूछताछ करने पर अपना नाम 01. राजेश पटेल उर्फ सनोज पटेल पिता मनमोहन पटेल उम्र 24 साल सा. भिलाई खुर्द थाना उरगा, जिला कोरबा 02. ओम प्रकाश पटेल पिता जनक राम पटेल उम्र 21 साल साकिन दादर खुर्द चौकी मानिकपुर जिला कोरबा 03. राजेश कुमार पटेल पिता राजकुमार पटेल उम्र 26 साल साकिन भिलाई खुर्द थाना उरगा जिला कोरबा 04 विकास पटेल पिता स्व. बलराम पटेल उम्र 23 साल साकिन दादर खुर्द चौकी मानिकपुर जिला कोरबा एवं 05.संदीप यादव पिता साखन यादव उम्र 20 साल साकिन दादर खुर्द चौकी मानिकपुर जिला कोरबा, जिनसे एक स्कार्पियो वाहन एवं बोलेरो पिकअप वाहन में गैस कटर, गैस सिलेंडर, एवं 05 नग कटा हुआ लोहे का खंबा मिला जिसे आरोपियों ने बताया कि लैंको प्लांट के लोहे के खंभे को गैस कटर के माध्यम से काटकर चोरी किए। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध थाना उरगा में अपराध क्रमांक 65/2023 धारा 379, 34 भादवि की कार्रवाई कर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रिमांड पर भेजा गया द्ध उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उरगा निरीक्षक सनत सोनवानी, उप. निरीक्षक आनंद कुमार साहू, स.उ.नि बलीराम निराला, प्रधान आरक्षक विमल राठौर, आरक्षक रामकुमार पटेल, नितेश तिवारी, वीरेंद्र आनंद, राजकुमार पटेल, घनश्याम, प्रदीप राठौर, एवं अमन कुमार की अहम भूमिका रही।



## 'मोर आवास-मोर अधिकार' कार्यक्रम के तहत सरोज पांडे के अगुवाई में पदयात्रा एवं जनसभा आयोजित

कोरबा,22 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

मोर आवास मोर अधिकार के तहत हरदी बाजार कॉलेज चौक में सरोज पांडे जी के अगुवाई में धरना प्रदर्शन करते हुए मेन रोड कॉलेज चौक होते हुए विधायक पुरुषोत्तम कंवर के निवास का घेराव किया गया । पुलिस टीम व तहसीलदार की मौजूदगी में दो बेरीकेट लगाये गये थे । भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पहला बैरिकेड तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया दूसरा बेरीकेट के समीप पुलिस टीम एवं प्रशासन की ओर से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को रोका गया । दूसरे बैरिकेड पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा तहसीलदार रविशंकर राठौर को ज्ञापन सौप कर अपना धरना समाप्त किया गया । इस दौरान कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 05 मंडलों के समस्त अपेक्षित कार्यकर्ताओं के साथ-साथ वरिष्ठ नेतृत्व कर्ताओं के रूप में सुश्री सरोज पांडे, भाजपा जिला संगठन प्रभारी श्याम बिहारी जायसवाल, कटघोरा विधानसभा प्रभारी दिनेश सिंह, रामपुर विधायक ननकीराम कंवर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लखन लाल देवांगन, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, लोकसभा प्रत्याशी श्री ज्योतिनांद दुबे, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, जिला महामंत्री संतोष देवांगन, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मनोज शर्मा, श्री प्रेमचंद पटेल, श्री चुलेश्वर राठौर, कटघोरा विधानसभा अंतर्गत आने वाले पांचों मंडल के मंडल अध्यक्ष मंडल के पदाधिकारी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे ।




**न्यायालय नज़ूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0/20230202120054 /अ-20(3)/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूपेश अग्रवाल, रितेश अग्रवाल आ0 राम औतार अग्रवाल निवासी-डी0सी0 रोड अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 ने आवेदन पत्र प्रस्तुत कर कथन किया है, कि उनके स्वामित्व व हक की शीट क्रमांक 08 मोहल्ला-ब्रम्हरोड नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 3073/2, 3074/2 रकबा 0.02, 0.03 एकड़ भूमि अभिलेख में दर्ज है। आवेदक रूपेश अग्रवाल, रितेश अग्रवाल आ0 राम औतार अग्रवाल निवासी-डी0सी0 रोड अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा उक्त आवेदित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 3073/2, 3074/2 रकबा 0.02, 0.03 एकड़ भूमि को व्यवसाय हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण बैंक में बंधक रखने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने बाबत् आवेदन पत्र न्यायलय में प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के समर्थन में मेन्टेनेस खसरा शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 13/03/2023 तक इस न्यायलय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/02/2023 को मेरे न्यायलयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर



**न्यायालय नज़ूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0/20230202120056 /अ-20(3)/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेश कुमार अग्रवाल,आ0 ताराचन्द्र अग्रवाल निवासी-डी0सी0 रोड अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 ने आवेदन पत्र प्रस्तुत कर कथन किया है, कि उनके स्वामित्व व हक की शीट क्रमांक 03 मोहल्ला-ब्रम्हरोड नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 1374/8, रकबा 0.03 एकड़ भूमि अभिलेख में दर्ज है। आवेदक नरेश कुमार अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल आ0 ताराचन्द्र अग्रवाल निवासी-डी0सी0 रोड अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा उक्त आवेदित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 1374/8, रकबा 0.03 एकड़ भूमि को व्यवसाय हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण बैंक में बंधक रखने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने बाबत् आवेदन पत्र न्यायलय में प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के समर्थन में मेन्टेनेस खसरा शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 13/03/2023 तक इस न्यायलय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/02/2023 को मेरे न्यायलयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग(भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर**

निविदा आमंत्रण तिथि:-15.02.2023

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए Log in करें https://eproc.cgstate.gov.in
02.संबंधित संभाग-स.क्रं. 1 सूरजपुर एवं सं.क्रं. 2 अम्बिकापुर

| सरल क्रं. | एन.आई.टी.क्र./ऑन लाईन सिस्टम क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 230 4th Call D Class and Above 27.02.23 | उपसंभाग सूरजपुर एवं प्रेमनगर अंतर्गत सी. जी.आर.आई. डी.सी.एल. योजनान्तर्गत स्वीकृत निम्न मार्गों में रोड फर्नीचर एवं रोड सेफ्टी आईटम प्रोवाईडिंग एवं फिक्सिंग का कार्य। 1. डुमरिया चौक से बुंदिया बाजार मार्ग 2. लटोरी हाईस्कूल से भंडारपारा मार्ग 3. लक्ष्मीपुर से नया करोली रोड 4. शिवपुर से शिवमंदिर पहुंच मार्ग | 22.59 |
| 2 | 231 2nd Call D Class and Above 01.03.23 | जिला सरगुजा के दरिमा से मैनपाट मार्ग के कि.मी. 3,4,5,6,7,13,एवं 14 कुल लंबाई 7.00 कि.मी.एवं जिला सरगुजा के ग्राम बिसरपानी से सुपलगा व्हाया उल्टा पानी मार्ग लंबाई 5.50 कि.मी.(वास्तविक लंबाई 5.70 कि.मी.) का निर्माण कार्य का रोड सेफ्टी का कार्य | 23.75 |

जी नंबर-98680/1

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर



**न्यायालय नज़ूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0/20230202120055/ अ-20(1)/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामप्रसाद विश्वकर्मा,अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा मोहल्ला केदारपुर नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 1995/7 रकबा 720.00 वर्गफीट भूमि जिसका आवेदक को राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टा प्राप्त हुआ है,का भूमि स्वामी हक में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ पट्टा,मेन्टनेन्स खसरा,की छायाप्रति पेश की गई है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 20/03/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं नियत समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 20/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील
नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर



**न्यायालय नज़ूल अधिकारी नज़ूल अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0/970/अ-20(1)/2020-21

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ शासन राजस्व प्रबंधन विभाग,मंत्रालय महानदी भवन,नवा रायपुर अटल नगर के परिपत्र क्रमांक एफ 04-07/सात-01/2019 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 11/09/2019 के जारी निर्देशानुसार छ0ग0 राजस्व पुस्तक परिपत्र के खण्ड 4(1) एवं 4(2) अद्यतन संशोधित प्रावधानों के तहत आवेदक/आवेदिका शिवमंगल पिता लल्लूराम निवासी ग्राम नमनाकला अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा नगर अम्बिकापुर के मोहल्ला नमनाकला अम्बिकापुर स्थित नजूल भूमि खसरा नम्बर 243/1 रकबा 39.04 एकड़ में से 97.52 वर्गमीटर भूमि जिस पर आवेदक के द्वारा 20 अगस्त 2017 के पूर्व से मकान कर अतिक्रमण किया गया है। उसके व्यवस्थापन /आबंटन बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 28/02/2023 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील
नजूल तहसीलदार
अम्बिकापुर,सरगुजा(छ0ग0)



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा) खड़गवां,जिला-मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0/ /अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पोंड़ीडीह तहसील खड़गवां जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ0ग0) को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेन्द्र शर्मा आ0बलवंत शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम पोंड़ीडीह थाना व तहसील खड़गवां जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ0ग0) द्वारा छ0ग0 भू-राजस्व संहिता की धारा 172 के तहत ग्राम पोंड़ीडीह तहसील खड़गवां जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ0ग0) में स्थित स्वयं की भूमि खसरा नं0 8 रकबा 0.12 हे0 भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन हेतु भू-परिवर्तन किए जाने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र,शपथ पत्र,नक्शा,खसरा, बी-1,अधिकार अभिलेख वर्ष 1954-55 ले-आऊट नक्शा,रिनम्बरिंग सूची, रजिस्ट्री की छायाप्रति एवं ग्राम पंचायत पोंड़ीडीह का अनापत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त भू-व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 06/03/2023 को सायं 5:00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते हैं,निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त किसी भी प्रकार की आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 13/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा के अधीन जारी

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा0)
खड़गवां
जिला-मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर
(छ00ग0)

# अपने करियर के आखिरी टूर्नामेंट में सानिया मिर्जा को मिली हार

## दुबई चैंपियनशिप के बाद टेनिस करियर को कहा अलविदा



नई दिल्ली,22 फरवरी 2023। भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने मंगलवार यानी 21 फरवरी को डब्ल्यूटीए दुबई ड्यूटी फ्री चैंपियनशिप के पहले दौर में अपनी अमेरिकी जोड़ीदार मैडिसन कीज के साथ सीधे सेटों में हारकर अपने चमकदार करियर का अंत किया।

बता दें कि सानिया और कीज की जोड़ी रूस की वेरोनिका कुदेरमेतोवा और ल्यूडमिला सैमसोनोवा से ठीक एक घंटे तक चले मैच में 4-6, 0-6 से हार गईं। यह टूर्नामेंट उनके करियर का अंतिम टूर्नामेंट रहा, जिसकी घोषणा उन्होंने पहले ही कर दी थी।

दरअसल, भारत की सबसे सफल टेनिस खिलाड़ियों में से एक सानिया मिर्जा ने कुछ समय पहले ही इंटरनेशनल टेनिस से अपने संन्यास का ऐलान किया था। सानिया ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंचकर अपनी ग्रैंडस्लैम जर्नी का भी अंत किया। इसके साथ ही आज यानी 21 फरवरी को सानिया मिर्जा ने डब्ल्यूटीए दुबई ड्यूटी फ्री चैम्पियनशिप के पहले ही राउंड में हारकर अपना करियर खत्म कर लिया।

### 2003 में सानिया का शुरू हुआ था करियर

वेरोनिका सिंगल्स में 11वें और डबल्स रैंकिंग में पांचवें नंबर पर हैं, जबकि ल्यूडमिला डबल्स में 13वें स्थान पर हैं। 36 वर्षीय सानिया 2003 में पेशेवर बनी थीं। उन्होंने अपने करियर में छह ग्रैंडस्लैम खिताब जीते, जिनमें तीन महिला डबल्स और इतने ही मिश्रित डबल्स के खिताब शामिल हैं। महिला डबल्स में उन्होंने अपने तीनों ग्रैंडस्लैम खिताब मार्टिना हिंगिज के साथ मिलकर जीते। अपने तीन मिक्स्ड डबल्स ग्रैंडस्लैम खिताब में से दो खिताब उन्होंने हमवतन महेश भूपति (2009 में आस्ट्रेलियन ओपन और 2012 में फ्रेंच ओपन) के साथ मिलकर जीते। उन्होंने ब्रूनो सोरेस के साथ मिलकर यूएस ओपन का खिताब जीता था। दुबई ओपन में दोनों टीमों ने शुरू में एक दूसरे की सर्विस तोड़ी जिससे एक समय स्कोर 4-4 से बराबरी पर था। इसके बाद हालांकि, रूसी जोड़ी ने सानिया और कीज की सर्विस तोड़ी और फिर अपनी सर्विस बचाकर पहला सेट अपने नाम किया।

# आईपीएल-2023 शुरू होने से पहले ही टीम को लगा 440 वोल्ट का झटका

## पूरा सीजन नहीं खेल पाएगा ये दिग्गज!



नई दिल्ली,22 फरवरी 2023। प्रतिष्ठित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आगामी सीजन 31 मार्च से शुरू होना है. सीजन का पहला मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस (ध्रस्थ्य 1ह्य तञ्ज) के बीच होगा. गुजरात पिछले सीजन का चैंपियन है. सीजन को लेकर तमाम फ्रेंचाइजी तैयारियों में जुट गई हैं. इस बीच चेन्नई सुपर किंग्स (ध्रस्थ्य) को एक बड़ा झटका लगा है. टीम के एक दिग्गज क्रिकेटर का पूरे सीजन में खेलना संदिग्ध है.

### चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका



काइल जैमीसन के चोटिल होने के कारण बाहर होने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स को एक और बड़ा झटका लगा है. इंग्लैंड के धाकड़ ऑलराउंडर बेन स्टोक्स आईपीएल-2023 के प्लेऑफ में नहीं खेल पाएंगे. आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में टीम का नेतृत्व करने से पहले इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान एक छोटा ब्रेक लेंगे. बता दें कि आईपीएल के लीग चरण के शेड्यूल की घोषणा कर दी गई है. हालांकि बीसीसीआई ने अभी तक प्लेऑफ शेड्यूल जारी नहीं किया है. सीएसके को अपना आखिरी लीग मैच 20 मई को खेलना है.

### पूरे लीग चरण में खेलेंगे बेन स्टोक्स

पूरी संभावना है कि बेन स्टोक्स पूरे लीग चरण के लिए उपलब्ध रहेंगे. स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले पुष्टि करते हुए कहा, %हां, मैं खेलूंगा (आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट). मैं यह सुनिश्चित कर रहा हूं कि मैं खुद को वापस आने और आयरलैंड के उस मैच को खेलने के लिए पर्याप्त समय दूं.%

### 16.25 करोड़ में बिके थे स्टोक्स

चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल-2023 की नीलामी में बेन स्टोक्स को खरीदने के लिए 16.25 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि खर्च की. हालांकि, सिर्फ स्टोक्स ही नहीं, कुछ ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के भी आईपीएल 2023 के प्लेऑफ से चूकने की संभावना है. ऐसे में सीएसके को ऐसे खिलाड़ियों की तलाश करनी होगी जो प्लेऑफ में कमाल दिखा सकें. स्टोक्स एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं जो सीएसके कप्तान के रूप में एमएस धोनी के बाद जिम्मेदारी निभा सकते हैं.

# इंदौर टेस्ट में नहीं खेलेंगे केएल राहुल?

## कप्तान रोहित शर्मा तोड़ेंगे करोड़ों फैंस का दिल!



इंदौर , 22 फरवरी 2023। भारतीय टीम फिलहाल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4 मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज खेल रही है. उसने मौजूदा सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है. तीसरा टेस्ट मैच इंदौर में एक मार्च से खेला जाना है. इस बीच एक खिलाड़ी को टीम इंडिया से बाहर करने की लगातार मांग उठ रही है. अब इसे लेकर बीसीसीआई अधिकारी ने अपडेट दिया है.

### इंदौर टेस्ट से बाहर होंगे केएल राहुल?

ओपनर केएल राहुल (चरु ऋद्धह्वद्य) का बल्ला शांत है. वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में अभी तक कुछ खास नहीं कर पाए हैं. ऐसे में उन्हें टीम से बाहर करने की बातें लगातार हो रही हैं. हालांकि कुछ लोग उनके सपोर्ट में भी हैं लेकिन वेंकटेश प्रसाद समेत कुछ पूर्व खिलाड़ी लगातार उनकी आलोचना कर रहे हैं. वेंकटेश ने तो उन्हें लेकर बोर्ड पर पक्षपात के आरोप भी लगाए थे. अब सवाल उठ रहे हैं कि केएल राहुल को इंदौर में होने वाले सीरीज के तीसरे टेस्ट मैच में मौका मिलेगा या नहीं.

### BCCI अधिकारी ने रखी अपनी बात

इस बीच बीसीसीआई के एक अधिकारी का बयान सामने आया है. बोर्ड के इस शीर्ष अधिकारी के हवाले से इनसाइड स्पोर्ट ने कहा, %केएल राहुल की जगह पर दिल्ली टेस्ट के बाद सोच-विचार किया जाना था. अब बोर्ड ने फैसला कर लिया है और यही वजह है कि उनसे टेस्ट फॉर्मेट में उप-कप्तानी से भी हटा दिया है.% अब देखना दिलचस्प होगा कि दिल्ली टेस्ट में केएल राहुल को ही कप्तान रोहित शर्मा का ओपनिंग पार्टनर बनाया जाएगा या फिर शुभमन गिल को बतौर ओपनर प्लेइंग-11 में मौका मिलेगा.

### राहुल को दी आराम करने की सलाह

राहुल की खराब फॉर्म को देखते हुए कुछ क्रिकेट एक्सपर्ट उन्हें टीम से बाहर करने की सलाह दे रहे हैं. साल 1983 में वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया के सदस्य रहे कृष्णमाचारी श्रीकांत ने राहुल को आराम करने की सलाह दी है. राहुल पिछली 10 टेस्ट पारियों में केवल 125 रन बना पाए हैं. वह एक ही बार 50 रन का आंकड़ा पार करने में कामयाब रहे हैं. ऐसे में अब टीम मैनेजमेंट या सेलेक्टर्स उन पर भरोसा जताएंगे, फिलहाल कहना काफी मुश्किल है.

# विराट कोहली के महारिकॉर्ड का दुनिया में गुणगान,गौतम गंभीर फिर भी बन रहे अनजान; बयान से मचा तहलका

नई दिल्ली, 22 फरवरी 2023। विराट कोहली की गिनती दुनियाभर के दिग्गज बल्लेबाजों में होती है. वह कई साल तक टीम इंडिया की कप्तानी भी संभाल चुके हैं. इस दौरान भले ही टीम इंडिया कोई आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाई लेकिन विराट का बल्ला ताबड़तोड़ अंदाज में रन बरसाता रहा. अब वह टेस्ट टीम के लिए अच्छा कर रहे हैं. इस बीच उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड बनाया जिसे लेकर गौतम गभीर ने रिएक्ट किया है.

### विराट कोहली के नाम बड़ी उपलब्धि

धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में बड़ी उपलब्धि अपने नाम की. वह सबसे तेज 25000 अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए. उन्होंने 549 पारियों में ये कमाल किया. उन्होंने दाएं हाथ के बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 577 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी. इस लिस्ट में रिकी पोंटिंग (588 पारी), जैक कैलिस (594 पारी), कुमार संगकारा (608 पारियां) और महेला जयवर्धने



(701 पारियां) शामिल हैं.

### गंभीर बोले- मैं लिस्ट के बारे में नहीं जानता

कोहली के इस वर्ल्ड रिकॉर्ड पर प्रतिक्रिया देते हुए भारत के पूर्व ओपनर गंभीर ने रिएक्ट किया. उन्होंने कहा कि कोहली की यूएसपी यह है कि वह सभी परिस्थितियों में समान रूप से सफल रहे हैं. उन्होंने कहा, मैं लिस्ट के बारे में नहीं जानता लेकिन विराट कोहली का सबसे अच्छा हिस्सा यह है कि उन्होंने भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका में ऐसा ही प्रदर्शन किया है.

### 25 हजार रन बनाना कोई मजाक नहीं है

गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में कहा, %25 हजार रन बनाना कोई मजाक नहीं है. उन्होंने (विराट) बहुत उतार-चढ़ाव देखे हैं, लेकिन लगातार वह जमे रहे. आपका खेल बहुत सारे बदलावों से गुजरता है. आपका रुख बदलता है, आपकी तकनीक बदलती है, आपकी ताकत और कमजोरियां बदलती हैं, आपके आउट होने का तरीका बदलता है, आपकी भावनाएं बदल जाती हैं और अगर आप इन सब चीजों को ध्यान में रख सकते हैं।

# उर्फी जावेद खतरों के खिलाड़ी 13 में आएंगी नजर ! आफत में डालेंगी अपनी जान



टीवी एक्ट्रेस उर्फी जावेद अपने ड्रेसिंग सेंस के लिए खूब चर्चा में रहती हैं। उनके अंदाज ने लोगों का ध्यान खींचने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। हालांकि अपने आउटफिट के लिए उर्फी जावेद ट्रोल्स का भी खूब निशाना बनती हैं। इन दिनों उर्फी जावेद रिएलिटी शो में ज्यादा हाथ आजमा रही हैं। उन्हें लेकर अब यह भी खबर आ रही है कि जल्द ही उर्फी को खतरों के खिलाड़ी 13 में देखा जा सकता है। इतना ही नहीं, उर्फी जावेद, रोहित शेट्टी के शो की कंफर्म कंटेस्टेंट भी बताई जा रही हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, उर्फी जावेद को खतरों के खिलाड़ी 13 के लिए मेकर्स ने अप्रोच किया था। बताया जा रहा है कि वह शो की कंफर्म कंटेस्टेंट्स की लिस्ट में भी शामिल हो सकती हैं। हाल ही में उन्हें शो के प्रोड्यूसर के ऑफिस के पास भी देखा गया था, जिसने उनके खतरों के खिलाड़ी 13 में शामिल होने की बात को और भी हवा दे दी है। सूत्रों का कहना है कि अगर उर्फी और मेकर्स के बीच बातचीत ठीक जमी तो एक्ट्रेस रोहित शेट्टी संग शो के लिए उड़ान भरेंगी।

# पठान ने हासिल किया नया मुकाम, 1,000 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हुई फिल्म

शाहरुख खान की फिल्म पठान ने रिलीज के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया हुआ है। फिल्म आए दिन नए-नए रिकॉर्ड बना रही है। न सिर्फ भारत, बल्कि विदेशी बॉक्स ऑफिस पर भी यह कई नए कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है। शाहरुख के साथ उनके प्रशंसकों को भी बेसब्री से इंतजार था कि फिल्म कब दुनियाभर में 1,000 करोड़ रुपये के क्लब में एंट्री करेगी और अब आखिरकार यह मुश्किल पड़ाव भी पठान ने पार कर लिया है। पठान ने जहां भारत में 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है, वहीं इसने दुनियाभर में 1,000 करोड़ के जादुई आंकड़े को भी छू लिया है और इसी के साथ पठान इस क्लब में एंट्री करने वाली पांचवीं भारतीय फिल्म बन गई है। बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड की रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है। बीते रविवार को फिल्म का दुनियाभर में कलेक्शन 996 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 1,000 करोड़ रुपये हो गया है।




दंगल पहली ऐसी भारतीय फिल्म थी, जिसने दुनियाभर में लगभग 2,200 करोड़ रुपये की कमाई की थी। दूसरे नंबर पर है बाहुबली 2ः द कनक्लूजन। इस फिल्म ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस से करीब 1,810 करोड़ रुपये बटोरे। 1,258 करोड़ रुपये के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के साथ तीसरे नंबर पर निर्देशक एसएस राजामौली की गोल्डन ग्लोब जीत चुकी ब्लॉकबस्टार फिल्म आरआरआर है । सुपरस्टार यश की फिल्म केजीएफ-2 को चौथा स्थान मिला है, जिसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन 1,250 करोड़ रुपये है।

स्पाई थ्रिलर फिल्म पठान से शाहरुख ने करीब चार साल बाद वापसी की है। उनकी जैसी धमाकेदार वापसी इससे पहले बॉलीवुड में किसी की नहीं हुई। फिल्म में शाहरुख के साथ दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम भी मुख्य भूमिका में हैं और सलमान खान मेहमान भूमिका में हैं। सिनेमाघरों के मालिक इस हफ्ते पठान वीक मना रहे हैं। खास बात यह है कि दर्शकों को फिल्म का टिकट खरीदने के लिए महज 110 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा।

शाहरुख फिल्म जवान में नजर आएंगे, जो साउथ के मशहूर निर्देशक एटली के निर्देशन में बन रही है। इसमें उनकी जोड़ी अभिनेत्री नयनतारा के साथ बनी है। दूसरी तरफ उनकी फिल्म डंकी भी खूब चर्चा में है, जिसके निर्देशक राजकुमार हिरानी हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार तापसी पन्नू स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी।



# थमने का नाम ले रही है करिश्मा तन्ना की हॉटनेस

टीवी एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना हमेशा अपने बोल्ड और ग्लैमरस लुक्स से फैंस को इंप्रैस करती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हालांकि करिश्मा तन्ना अपनी हर एक पोस्ट से फैंस के दिलों की धड़कनें भी बढ़ा देती हैं। हाल ही में उनकी लेटेस्ट हॉट फोटोज ने इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है। करिश्मा तन्ना हमेशा अपने हॉट अंदाज से फैंस को इस कदर अपना कायल कर देती हैं कि लोगों की उन पर से नजरें हट पाना मुश्किल हो जाता है। हाल ही में उनकी लेटेस्ट तस्वीरों में एक्ट्रेस ने जेब्रा प्रिंट शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही शानदार लग रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो फैंस के बीच चर्चाओं का विषय बन जाती हैं। इन तस्वीरों में करिश्मा तन्ना ओपन हेयर और कानों में ईयरिंग्स फ्लॉन्ट करते हुए हॉट पोज दे रही हैं। उनके इस हॉट और सेक्सी लुक को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। बता दें कि करिश्मा तन्ना का हर लुक फैंस के बीच ट्रेंड करता है। एक्ट्रेस ने 39 की उम्र में भी खुद को काफी मेंटेन रखा है। उनकी फिटनेस देख कर उनकी उम्र का अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। करिश्मा तन्ना की इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है और वो सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं।













# छत्तीसगढ़ एस.डी.जी.डिस्ट्रिक्ट रैंकिंग'जारी

» जिलों को दिए गए स्कोर व रैंकिंग,

» ये जिला रहा पहले नंबर पर

**रायपुर,22 फरवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग द्वारा जारी ''छत्तीसगढ़ एस.डी.जी. (सतत विकास लक्ष्य) डिस्ट्रिक्ट रैंकिंग'' में प्रदेश का धमतरी जिला 72 अंक अर्जित कर प्रथम रैंक पर है। धमतरी सहित राजनांदगांव, बालोद, दुर्ग, बेमेतरा, गरियाबंद, महासमुंद व रायपुर जिले सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के आधार पर फ्रंट रनर जिलों में शामिल हैं। जबकि प्रदेश के शेष जिले परफॉर्मर श्रेणी में शामिल हैं।

सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में जिलों को उनके द्वारा अर्जित किये ''स्कोर'' के आधार पर- चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है- एचीवर (100 अंक), फ्रंट रनर (65-99 अंक), परफोर्मर (50-64 अंक), एस्पायरेंट (50 से कम अंक)।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर सतत विकास लक्ष्य की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित करने और विकास का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से राज्य योजना आयोग द्वारा ''छत्तीसगढ़ एस.डी.जी. डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रेस रिपोर्ट'' व ऑनलाईन मॉनिटरिंग में सहायता हेतु तैयार किये गये ''एस.डी.जी. डैशबोर्ड'' तैयार किया गया है। इनकी सहायता से जिला स्तर पर कलेक्टर व विभाग



विभिन्न सतत् विकास लक्ष्यों की प्रगति का मूल्यांकन, मॉनिटरिंग और प्रगति को ट्रैक कर सकेंगे।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सतत विकास को सुनिश्चित करने के लिए वैश्विक स्तर पर 17 सतत विकास लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। जिनमें गरीबी खत्म करना, पर्यावरण की रक्षा, आर्थिक असमानता को कम करना और सभी के लिए शांति और न्याय सुनिश्चित करना, अच्छा स्वास्थ्य और अच्छा जीवन स्तर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, लैंगिक सामानता, साफ पानी और स्वच्छता, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, टिकाऊ शहरी और सामुदायिक विकास आदि शामिल हैं।

एसडीजी डिस्ट्रिक्ट रैंकिंग 2021 में धमतरी जिले ने सर्वाधिक 72 अंक प्राप्त कर प्रथम रैंक हासिल किया है। इसी तरह राजनांदगांव जिला 70 अंकों के साथ दूसरे, बालोद और दुर्ग जिले 68 अंक के साथ तीसरे, बेमेतरा जिला 67 अंक के साथ चौथे, गरियाबंद, महासमुन्द और रायपुर जिला 65 अंक के साथ पांचवे स्थान पर हैं। ये सभी जिले फ्रंट रनर श्रेणी के जिलों में शामिल हैं।

इन जिलों के अलावा प्रदेश के सभी जिले परफॉर्मर श्रेणी में हैं। एसडीजी डिस्ट्रिक्ट रैंकिंग 2021 में बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा, कांकेर, मुंगेली, सरगुजा जिला 63 अंक के साथ छठवें स्थान पर, बिलासपुर, कबीरधाम और कोरबा जिला 62 अंक के साथ सातवें, दंतेवाड़ा, जशपुर और सूरजपुर जिला 61 अंक के साथ आठवें, कोण्डागांव और रायगढ़ जिला 60 अंक के साथ नौवें, कोरिया जिला 59 अंक के साथ दसवें, बस्तर और नारायणपुर जिला 58 अंक के साथ ग्यारहवें, बलरामपुर जिला 57 अंक के साथ बारहवें, बीजापुर और सुकमा जिले 51 अंक के साथ तेरहवें स्थान पर हैं।

प्रत्येक जिले को सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की प्रगति के आधार पर 'स्कोर' एवं 'रैंकिंग' प्रदान की गई है। यह रिपोर्ट और डैशबोर्ड जिलों को 2030 तक सतत विकास लक्ष्य प्राप्त करने में पथ प्रदर्शक का कार्य करेगा। साथ ही सभी जिला कलेक्टरों को लक्ष्यों की प्राप्ति में बाधक क्षेत्रों की पहचान कर उनके समाधान के लिए निर्णय लेने में भी मदद करेगा। स्थानीय स्तर पर विकास की रणनीति तय करने और योजनाएं बनाने में भी ये दोनों नवाचार मददगार होंगे।

छत्तीसगढ़ एसडीजी डिस्ट्रिक्ट रैंकिंग में सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय एवं अन्य पहलुओं संबंधी कुल 82 इंडिकेटर में प्राप्त प्रगति के आधार पर जिलों को 'स्कोर' व 'रैंकिंग' दी गई है। जिन इंडिकेटर्स के आधार पर छत्तीसगढ़ एसडीजी डिस्ट्रिक्ट रैंकिंग दी गई है, उनमें छत्तीसगढ़ शासन की फ्लैगशिप योजना राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मुख्यमंत्री शहरी आजीविका मिशन, डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, सार्वभौमिक सार्वजनिक वितरण प्रणाली, हाट बाजार क्लीनिक योजना, महतारी जतन योजना, सुराजी गांव योजना (नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी), स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, मुख्यमंत्री कन्या दान योजना, नोनी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री सौर सुजला योजना, हाफ बिजली बिल योजना, रूरल इंडस्ट्रियल पार्क, वनधन केन्द्र, लघु वनोपज प्रसंस्करण, मुख्यमंत्री सुगम सड़क आदि को शामिल किया गया है।

प्रत्येक एस.डी.जी. इंडिकेटर हेतु विभागों, जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ही प्रत्येक लक्ष्य से संबंधित योजनाओं को भी चिन्हांकित किया गया है। जिलों को उनके द्वारा अर्जित किये ''स्कोर'' के आधार पर- चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है- एचीवर (100 अंक), फ्रंट रनर (65-99 अंक), परफोर्मर (50-64 अंक), एस्पायरेंट (50 से कम अंक)। छत्तीसगढ़ एसडीजी डिस्ट्रिक्ट रैंकिंग जिलों को मूल्यांकन के आधार स्थानीय स्तर पर विकास की रणनीतियों को लागू करने में सहायता होगी।



## नए राज्यपाल पहुंचे रायपुर

### स्टेट हैंगर पर मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

**रायपुर,22 फरवरी 2023(ए)।** राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन छत्तीसगढ़ पहुंच गए हैं। विशेष विमान से सुबह 9.45 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचे राज्यपाल का मुख्यमंत्री ने स्वागत किया। उसके बाद वे राजभवन के लिए प्रस्थान कर गए।

छत्तीसगढ़ के मनोनीत राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन आज सवेरे 9ः45 बजे राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन कल 11.30 राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के रूप में पद की शपथ लेंगे। राज्यपाल को बिलासपुर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति अरूप कुमार गोस्वामी शपथ दिलाएंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष, मंत्रिमंडल के सदस्य, जनप्रतिनिधिगण,आमंत्रित गणमान्य नागरिक और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस का आज राजधानी में आगमन



**रायपुर,22 फरवरी 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र रायपुर लोकसभा क्षेत्र के 7 बार के सांसद रह चुके रमेश बैस का महाराष्ट्र के राज्यपाल बनने के पश्चात पहली बार दिनांक 23 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे विवेकानंद विमानतल माना रायपुर आगमन हो रहा है। रमेश बैस महाराष्ट्र से पहले त्रिपुरा और झारखंड के भी राज्यपाल रह चुके हैं। प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि आज एक छत्तीसगढ़िया सपूत देश की आर्थिक राजधानी का राज्यपाल बना है। रायपुर में 3 दिन के प्रवास पर माननीय राज्यपाल महोदय रहेंगे। तत्पश्चात दिनांक 25 फरवरी को उनका दिल्ली प्रस्थान होगा। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर रायपुर की जनता व शुभचिंतक उनका भव्य स्वागत करेंगे ।

## अधिवेशन में शामिल लोगों की सेवा में इतनी लग्जरी कार-बसें की है बुक

**रायपुर,22 फरवरी 2023 (ए)।** कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवेशन पहली बार छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में होने जा रहा हैं। इसके लिए कई तैयारियां चल रही हैं। मसलन, पंडाल, मंच, खाने-पीने सहित कई बड़ी-छोटी व्यवस्थाएं होती हैं, जिनके लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां तय हैं। इसमें एक है वाहनों की व्यवस्था थी।

### दिल्ली से आएंगी 100 लग्जरी कारें

कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में तकरीबन 15 हजार लोगों की आने की संभावना है। उनके लिए 1500 से ज्यादा गाड़ियों की व्यवस्था की जा रही है। नागपुर से 300 इनोवा, दिल्ली से 100 लग्जरी कार, 400 बड़ी और लग्जरी बसें बुक की गई हैं। इसमें 600 सरकारी गाड़ियां भी लगाई जाएंगी। ये नेताओं के फालो और सुरक्षा में रहेगी। स्थानीय नेता भी अपनी गाड़ियां



इसमें उपयोग करेंगे। अधिवेशन में आने वालों के ठहरने के लिए करीब 150 बड़े होटल्स पूरी तरह बुक कर लिए गए हैं।

इसके अलावा 100 छोटे-बड़े रेस्ट हाउस, धर्मशाला, क्लब हाउस और मैरिज पैलेस सभी जगहों को बुक किया है। नवा रायपुर के आसपास के फार्म हाउस में भी ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए सभी को जिम्मेदारी बांटी गई हैं। होटल, भोजन से लेकर गाड़ियों की व्यवस्था के लिए मंत्री और नेताओं की टीम बनाई गई है। चर्चा है कि राज्य के सभी ट्रेवल एजेंसियों से संपर्क किया गया है। उनकी सभी गाड़ियां बुक कर ली गई। दूसरे राज्यों की एजेंसियों से भी गाड़ी मंगाई गई है।

23 फरवरी से नेताओं का आना शुरू हो जाएगा। इसलिए 23 से 27 फरवरी तक भवनों को बुक किया गया है। शहर के छोटे, बड़े सभी होटल, लॉज, क्लब हाउस को पहले बुक कर लिया गया था। उसके बाद शादी भवन, धर्मशाला, सरकारी रेस्ट हाउस, सर्किट हाउस और कुछ निजी भवनों को किराए पर लिया गया है। आसपास के फार्म को भी बुक कराया गया है।




## अब नवा रायपुर में ईडी का छापा

**रायपुर,22 फरवरी 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में ईडी की कार्रवाई लगातार जारी है. आज फिर ईडी की टीम ने छत्तीसगढ़ शासन के अलग-अलग विभाग मुख्यालयों में दबिश दी है. नया रायपुर स्थित जीएसटी कार्यालय, सिंचाई विभाग, पर्यावरण विभाग और श्रम विभाग में दस्तावेजों की जांच की जा रही है.बता दें कि इससे पहले हाल ही में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल, विधायक देवेंद्र यादव, संसदीय सचिव चंद्रदेव राय, प्रवक्ता आरपी सिंह, विनोद तिवारी के ठिकानों पर ईडी की टीम ने दबिश दी थी. इस कार्रवाई का कांग्रेसियों ने जमकर विरोध किया था.

सुशील सन्नी अग्रवाल का ट्वीट - 38 घंटे तक श्वष्ठ मेरे घर पर रही लेकिन कुछ हासिल नहीं हुआ।मैं श्रमिक हितैषी मुख्यमंत्री का सिपाही हूँ।भाजपा के इशारे पर प्रतिशोध की इस राजनीति से भूपेश बघेल जी के इस सिपाही का मज़बूत हौसला तोड़ना मुश्किल है। मैंने सदैव श्रमिकों एवं मज़दूरों के हित एवं अधिकार की लड़ाई लड़ी है और मरते दम तक लड़ता रहूँगा। ऐसी विपरीत परिस्थिति में भी मेरे और मेरे परिवार के साथ मज़बूती से खड़े रहने वाले सभी साथियों एवं कार्यकर्ताओं का हृदय की गहराइयों से धन्यवाद करता हूँ।

## छात्रावास से रातभर गायब थीं 6 बच्चियां




### भूखे-प्यासे धरने पर बैठे आदिवासी स्टूडेंट्स, स्कूल में लटका ताला, अधीक्षक-अधीक्षिका को हटाने की मांग

**रायपुर/ लोरमी,22 फरवरी 2023 (ए)।** मुंगेली जिले में आदिवासी छात्रावास सुरक्षित नहीं हैं. बिना परमिशन के छात्रावास से छात्राएं गायब हो जा रही हैं. जिम्मेदार नींद में हैं. कभी भी कोई अनहोनी का खतरा है. 6 छात्राओं का अचानक बिना किसी को बताए गायब हो जाना अधीक्षिका को सवालों के कटघरे में खड़ा कर दिया है. अधीक्षिका और प्रिंसिपल की लापरवाही के मद्देनजर छात्रों ने प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. बालक छात्रावास अधीक्षक, बालिका छात्रावास अधीक्षिका रीता डिंडोरे को हटाने की मांग पर आदिवासी छात्र-छात्राएं धरने पर बैठे हैं. बालक छात्रावास अधीक्षक, बालिका छात्रावास अधीक्षिका को हटाने की मांग कर रहे हैं, जबकि आदिवासी छात्राएं प्रिंसिपल पीडी ध्रुव।

दरअसल, ये पूरा मामला लोरमी के बंधवा स्थित एकलव्य विद्यालय का है. जहां जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण आदिवासी छात्र हॉस्टल का घेराव कर दिए हैं. अधीक्षिका को हटाने की मांग कर रहे हैं. प्रधानपाठक पर बिना अनुमति के आधा दर्जन छात्रों को मेला घुमाने का आरोप लगा है. बताया जा रहा है कि 6 छात्राएं रात भर छात्रावास से गायब थीं. आदिवासी छात्राएं सुबह हॉस्टल पहुंचे थे. अधीक्षिका ने छात्रों के प्रवेश करने पर रोक लगा दिया था. घंटों बवाल के बाद विभागीय अधिकारियों के हस्तक्षेप से बच्चों हॉस्टल में प्रवेश दिलाया गया।

## रायपुर पुलिस के द्वारा अंतर्राज्यीय गैंगस्टर दबोचे गए

### रंगदारी के लिए कंपनी कार्यालय के बाहर चलाई थी गोली, शूटरों से पिस्टल व जिंदा कारतूस किया जप्त

**रायपुर,22 फरवरी 2023 (ए)।** राजधानी रायपुर में पुलिस ने 3 गैंगस्टर को गिरफ्तार करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। आपको बता दे की कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के साथी गैंगस्टर मयंक सिंह के 3 अंतर्राज्यीय शुटर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जो व्यवसायियों से रंगदारी की मांग कर खौफ पैदा करने गोली चलाने की घटना को अंजाम देते थे। मामला सिविल लाइन थाना इलाके के शंकर नगर स्थित आर.के.टी.सी. कम्पनी का है जहां सुरक्षा गार्ड पर पिस्टल से फायर कर जानलेवा हमले की घटना को शूटरों ने अंजाम देकर फरार हो गए थे।सी.सी.टी.व्ही कैमरों के फुटेजो तथा तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों को हरियाणा, मध्यप्रदेश एवं मुम्बई से गिरफ्तार किया गया ।



पूछताछ में आरोपियों ने बताया की आर.के.टी.सी. कम्पनी के मालिक को डराने एवं पैसे की रंगदारी के लिये इस घटना को उन्होंने अंजाम दिया था। आरोपी हैरी उर्फ पाली उर्फ हरपाल सिंह को हरियाणा पुलिस की सहायता से फतेहाबाद हरियाणा से गिरफ्तार कर ट्रांजिस्ट रिमाण्ड पर रायपुर लाया जा रहा है । वही आरोपी बलविंदर सिंह को बुराहनपुर पास पठानकोट एक्सप्रेस ट्रेन से एवं आरोपी आशीष निकम को नवघर मुम्बई से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से नग पिस्टल सहित जिन्दा कारतूस जप्त किया गया है।

आरोपियों से पूछताछ पर पुलिस को पता चला की गैंगस्टर मयंक सिंह मलेशिया के मोबाईल नम्बर से आरोपियों को कॉल करके अपने लोकल नेटवर्क के माध्यम से आरोपियों को दोपहिया वाहन, पिस्टल मय कारतूस उपलब्ध कराकर घटना को अंजाम दिया गया।

आरोपियों से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि गैंगस्टर मयंक सिंह अंतर्राष्ट्रीय कॉल करके हैरी उर्फ पाली उर्फ हरपाल सिंह को उक्त घटना को अंजाम देने हेतु 2 लाख रूपये में सौदा किया था। पैसे के लालच में आकर हैरी ने अपने अन्य 2 साथियों के साथ रायपुर शंकर नगर स्थित आर.के.टी.सी. कम्पनी के ऑफस में सुरक्षा गार्ड के ऊपर गोली चलाकर घटना को अंजाम दिये थे। गैंगस्टर अमन साहू और मयंक सिंह ने पहले भी आर.के.टी.सी. कम्पनी को निशाना बनाकर रंगदारी की मांग के लिए प्रकार के घटनाओं को दिया गया था। अमन साहू के जेल में बंद होने के बावजूद उसके गुर्गों द्वारा रंगदारी हेतु इस प्रकार की घटनाओं को लगातार अंजाम देने की कोशिश की जा रही है।

## बलोदा बाजार विधानसभा स्तरीय जिला कलेक्ट्रेट घेराव 23 को

**तिल्दा-नेवरा , 22 फरवरी 2023 (ए)।** भाजपा तिल्दा शहर मंडल के अध्यक्ष ईश्वर यदु और महामंत्री सौरभ जैन के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में भाजपा तिल्दा शहर मंडल के कार्यकर्ता जिला कलेक्ट्रेट घेराव के लिए बलोदा बाजार 23 फरवरी दिन गुरुवार को भाजपा कार्यालय नेवरा से बलौदा बाजार के लिए प्रस्थान करेगी भाजपा तिल्दा शहर मंडल के महामंत्री व पार्षद मनोज निषाद में जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ में भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर छत्तीसगढ़ के सभी पात्र नागरिकों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ आवास पक्का मकान दिलाने के लिए अधिकार रैली मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम के तहत सरकार के प्रतिनिधि के कार्यालय पर पहुंचकर के छत्तीसगढ़ के जनता के अधिकार और हक के लिए आंदोलन किया जा रहा है छत्तीसगढ़ की सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना पर अपनी राज्यांस नहीं दे रहा है जिसमें छत्तीसगढ़ की जनता में काफी आक्रोश है उसी कड़ी में 23 तारीख को बलोदाबाजार के गार्डन चौक पर विधानसभा स्तरीय भव्य धरना प्रदर्शन कार्यक्रम सुनिश्चित है जिसमें भारतीय जनता पार्टी तिल्दा शहर मंडल में निवासरत प्रदेश, जिला, मंडल ,मोर्चा, प्रकोष्ठ के साथ साथ क्षेत्र के जनता भी बड़ी संख्या में बलौदा बाजार के कलेक्ट्रेट घेराव में शामिल होंगे कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी एवं बलोदा बाजार विधानसभा के वरिष्ठ नेता गण मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे भाजपा तिल्दा शहर मंडल ने सभी कार्यकर्ताओं से आवाहन किया गया है कि वह उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होकर के कार्यक्रम को सफल बनाएं ।



## तीन डिप्टी रेंजर सस्पेंड,फर्जी वन प्रबंधन समिति बनाकर डकारे गए 42 लाख

**बिलासपुर ,22 फरवरी 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के जीपीएम जिले के मरवाही वन मंडल फर्जी वन प्रबंधन समिति बनाकर 42 लाख का फर्जी बाड़ा करने वाले 3 डिप्टी रेंजर निलंबित कर दिया गया है। इस मामले में एक वनरक्षक को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। जानकारी के अनुसार नेचर कैंप गंगनई में एक फर्जी वन प्रबंधन समिति जामवंत माड़ा गंगनई के नाम से बनाया गया था। फर्जी वन प्रबंधन समिति के नाम से करीब 42 लाख रुपए




निकालकर अधिकारी कर्मचारियों ने आपस में बांट लिया। इसकी शिकायत वन प्रबंधन समिति साल्हे कोटा के अध्यक्ष ने वन विभाग के अफसरों और पुलिस से की थी।

सीसीएफ के निर्देश पर डीएफओ कुमार निशांत की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया था। इसकी रिपोर्ट के बाद बीट गार्ड सुनील चौधरी को सबसे पहले निलंबित किया गया। इसके बाद अब डिप्टी रेंजर अश्वनी दुबे, इंद्रजीत सिंह कंवर और द्वारिका रजक को निलंबित कर दिया गया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)